खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 08°C

देहरादून, बुधवार 28 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 171 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 8 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे पेज 2



पाकिस्तान के टी-20 विश्वकप में खेलने पर अंतिम फैसला 2 फरवरी तक खेल टाइम्स



सनातन, संत, सत्ता और संग्राम सम्पादकीय




न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-0 की बढ़त पर भारत की नजरें खेल टाइम्स

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अहमदाबाद में रिवरफ्रंट विकास परियोजना के दूसरे चरण के लिए पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ अहमदाबाद के हंसोल गांव के एक निवासी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर चिंता जताई गई थी। न्यायालय ने राहत देने से इन्कार करते हुए कहा कि जो पेड़ काटे गए वे मुख्य रूप से जंगली झाड़ियां और स्वत: उगने वाले पेड़ थे, जिन्हें दोबारा उगने में अधिक प्रयास की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि विकास और पर्यावरण को साथ-साथ चलना होगा।

### रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से सोचें वैज्ञानिक : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी के साथ तारतम्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि उन्हें 'सर्वाइवल ऑफ द फास्टेस्ट' के सिद्धांत यानी जो तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है वही आगे रहता है पर चलना होगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि स्वदेशी प्रणालियां भारत की संचालन तैयारियों को सशक्त बना रही हैं। श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों तथा तकनीकी कर्मियों से मंगलवार को यहां मुलाकात की।

### मनरेगा को बर्बाद कर सरकार का मकसद मज़दूरों को ग़ुलाम बनाना है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा को सोच समझकर खत्म किया है और इस योजना को बर्बाद करने का उनका मकसद मजदूरों को गुलाम बनाना है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार का मनरेगा को बर्बाद करने का मकसद गरीब श्रमिकों को बर्बाद करना है। इस तरह की पहल कर सरकार मज़दूरों को ग़ुलाम बनाने की कोशिश कर रही है।

### बजट की तैयारियों का अंतिम चरण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण का प्रतीक 'हलवा' समारोह मंगलवार को यहां नॉर्थ ब्लॉक के बजट प्रेस में आयोजित किया गया। केंद्रीय बजट 2026-27 के अंतिम चरण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पारंपरिक 'हलवा समारोह' का मतलब है कि बजट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

# यूजीसी के नए नियम के खिलाफ याचिका दायर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट में दी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना विनियम, 2026' के नियम 3 (सी) को चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में अधिसूचित 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026' के नियम 3(सी) को चुनौती दी गई है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि इस प्रावधान के तहत 'जाति-आधारित भेदभाव' की परिभाषा गैर-समावेशी है। नियम 3(सी) 'जाति-आधारित भेदभाव' को केवल 'अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सदस्यों के विरुद्ध जाति या जनजाति के आधार पर होने वाले भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने आरोप लगाया है कि यह प्रावधान संस्थागत सुरक्षा और शिकायत निवारण तंत्र को विशेष रूप से केवल एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों तक सीमित करता है। इस प्रकार, यह अन्य जाति समूहों के उन व्यक्तियों को बाहर कर देता है, जिन्हें जाति के आधार पर भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है। याचिका में दावा किया गया है कि यह नियम अपने वर्तमान स्वरूप में गैर-एससी/एसटी/ओबीसी व्यक्तियों को शिकायत निवारण और संस्थागत सुरक्षा उपायों तक पहुंच से वंचित करता है।

## यूपी गैंगस्टर एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों में टकराव पर उप्र सरकार तलब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 111 (संगठित अपराध) के बीच कथित संवैधानिक असंगति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी कई व्यक्तियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी।

22 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी, सिद्धार्थ दवे, विनय नवारे, अमित कुमार और संजय कुमार पाठक ने राज्य के कानून और हाल में लागू केंद्रीय कानून के बीच संवैधानिक टकराव का मुद्दा उठाया था। याचिकाओं में यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (दंड), धारा 12 (विशेष न्यायालयों द्वारा मुकदमे की प्राथमिकता), धारा 14 (संपत्ति की कुर्की), धारा 15 (संपत्ति की सुपुर्दगी), धारा 16 (संपत्ति अर्जन के स्वरूप की जांच) और धारा 17 (जांच के बाद आदेश) को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 2021 की कुछ धाराओं-नियम 16 (3), 22, 35, 37(3) और 40 को भी असंवैधानिक बताया गया है।

### पश्चिम बंगाल में दो गोदामों में आग आठ की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है।

# दुनिया में दो अरब आबादी का सबसे बड़ा साझा बाजार बनेगा

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार संधि की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा
- उथल-पुथल मचाने वाली कुछ प्रमुख देशों की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच ऐतिहासिक समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार संधि की घोषणा की, जिससे दुनिया में दो अरब लोगों की संयुक्त आबादी का अब तक का सबसे बड़ा साझा मुक्त बाजार बनेगा। इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा।

आधुनिक वैश्विक व्यापार व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने वाली अमेरिका जैसे कुछ प्रमुख देशों की हाल की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच भारत और ईयू के बीच इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार आयुक्त मार्कोस सेफकोविच के साथ समझौते के संपन्न होने की घोषणा संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के साथ 16वें भारत- ईयू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और यह सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है।

### लेएन और कोस्टा की भारत यात्रा ऐतिहासिक क्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बनने तथा भारत के साथ मंगलवार को हुए समझौतों के समय उनकी मौजूदगी ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां हैदराबाद हाउस में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के दस्तावेजों के आदान प्रदान के बाद कहा कि यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की भारत में यह मौजूदगी ऐतिहासिक क्षण है।

### यह केवल शुरुआत है, द्विपक्षी रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे: ईयू प्रमुख

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को एक नए इतिहास की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि दोनों पक्ष अपने रणनीतिक संबंधों को भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा मंगलवार को इस समझौते की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और यूरोप आज इतिहास बना रहे हैं।

# यूजीसी के नए नियमों का कड़ा विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो




- यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई, बैरिकेड्स लगाए गए
- उप्र में सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजीं

**नई दिल्ली।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज हो गया है। नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेड्स लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया।

रायबरेली में भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरक्षा दल के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजी हैं। यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने नए नियमों के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर कुमार विश्वास ने तंज कसा। सोशल मीडिया पर लिखा कि चाहे तिल लो या ताड़ लो राजा, राई लो या पहाड़ लो राजा, मैं अभागा 'सवर्ण' हूं... मेरा रोंया-रोंया उखाड़ लो राजा। लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने यूजीसी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीटड्ूशन रेगुलेशन्स, 2026।श इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मानिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर एसी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं।

## किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर हो रहे विवादों पर कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने देंगे।

श्री प्रधान ने यूजीसी के नए नियम 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने के नियम-2026' पर उठे विवादों पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भेदभाव के नाम पर किसी को इसका दुरुपयोग करने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। उल्लेखनीय है कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 13 जनवरी को नई नियमावली लागू की है।

### सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार नियम प्रक्रियाओं के तहत काम करती है और वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। श्री रिजिजू नर्न कहा कि बजट सत्र में हर चर्चा बजट पर ही केंद्रित होना चाहिए यह नियम कहता है। बजट सत्र में सबसे पहले राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है उसके बाद अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है।

# हवाएं चलीं, ओले भी गिरे, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राजस्थान में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बर्फबारी जारी है। स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तर-पश्चिमी राज्यों पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में बारिश के साथ ओले गिर रहे हैं। साथ ही 30-60 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है।

हिमाचल के मंडी में केओली पंचायत में 3-4 फीट तक जमी बर्फ के बीच दूल्हा-दुल्हन 7 किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचे। पहले दूल्हा पैदल चलकर ससुराल पहुंचा था। शादी के बाद उसी रास्ते से दुल्हन को साथ लेकर लौटा। इधर, उत्तर प्रदेश में आगरा समेत 7 जिलों में तेज बारिश हुई, जो रुक-रुककर जारी है। बागपत में बारिश के अलावा ओले भी गिरे। 10 से ज्यादा शहरों में 30 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है। मध्य प्रदेश के 5 जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। 28 जिलों में बारिश का अलर्ट है। वहीं राजस्थान के कई जिलों में ओले गिरे। जयपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। बिजली गिरने से सीकर में महिला और कोटा में एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई है। इसके अलावा दिल्ली में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं उत्तर भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में ठंड का असर और बढ़ गया। सुबह से दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिसके रुक-रुक कर दिन भर होने के आसार हैं। इससे राजधानी में सर्दी और बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पालम में यह 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बादलों और ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय ठंड का एहसास अधिक रहा। मौसम विभाग ने बताया कि 26 से 28 जनवरी के बीच एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिससे व्यापक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। सत्ताइस जनवरी को कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी, वर्षा और ओलावृष्टि भी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। इन क्षेत्रों में 27 जनवरी को कहीं-कहीं भारी वर्षा या हिमपात भी हो सकता है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में 27 जनवरी को गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे, कुछ समय के लिए 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों, जिनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान शामिल हैं, में हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी-तूफान आने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 जनवरी को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 30 जनवरी की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिससे एक और बारिश का दौर आ सकता है।

# नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शामली से किया संबद्ध, जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को सरकार ने अनुशासनहीनता के आरोप में सोमवार देर रात निलंबित कर दिया है। उन्हें जिलाधिकारी शामली कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है, जबकि जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए हैं।

उत्तर-प्रदेश शासन नियुक्ति अनुभाग 7 से जारी आदेश में कहा गया है कि अलंकार अग्निहोत्री ने प्रथम दृष्ट्या अनुशासनहीनता की है, जिसके चलते तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस पर बरेली सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया था। अपने तीखे और भावनात्मक वक्तव्य में उन्होंने न केवल तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए, बल्कि ब्राह्मण समाज कथित अपमान, प्रयागराज माघ मेला घटना और यूजीसी रेगुलेशंस 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं पद छोड़ रहे हैं, तो यह उनके (ब्राह्मण) समाज के जनप्रतिनिधियों के लिए भी आत्ममंथन का समय है।

# विद्यालयों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

■ छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समा बांधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय, विकासनगर एवं हरबर्टपुर, ब्राइट एंजल स्कूल, जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया, बार एसोसिएशन, अल्टस इंटर नेशनल स्कूल, शिवा. लिक एकेडमी, सरस्वती विद्या मंदिर बाबूगढ़ विकासनगर व डाकपत्थर, वरिष्ठ नेता आकिल अहमद सेलाकुई, द एनफील्ड स्कूल, पछवादून व जौनसार बावर के सभी थानों व पुलिस चौकियों, नगर पालि. का परिषद विकासनगर व हरबर्टपुर के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।

सेपियंस स्कूल विकासनगर और हरबर्टपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात:काल राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा एवं मुख्य अतिथि वंदना कपूर, नम्रता कपूर एवं प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके पश्चात उपस्थित सभी





शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा 'मिट्टी के बेटे' देशभक्ति गीत, समूह नृत्य 'मैं रहूं या न रहूं ये भारत रहना चाहिए', सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा वीर शहीदों के रूपों की भावपूर्ण झांकियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसी अवसर पर सत्र 2025-26 के वार्षिक खेल पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन रविकांत सपरा, रशिता सपरा, अश्विनी कुमार, नंदी बिष्ट, सुमालती उनियाल, विभु गोयल, विद्या जोशी, अदिति आले, पारुल, उमा पुंडीर, विनीता मोनिका शर्मा, कमल क्षेत्री, मानसी पंवार, विकास पंवार, निशा चौहान, शिवम गुप्ता, ऋषभ, मोनिका वर्मा सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

सहिया। जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुशील, पदाधिकारी कृषि मंडी समिति साहिया द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर, उप प्राचार्य डा. प्रियंका जलाल, सुनील दत्त शर्मा, डॉ. चंद्रिका, डॉ. रेनू देवी, रिंकू दास भारती, वरुण सेमवाल, प्रदीप कुमार, आशा, रेखा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशिकला, सह-संयोजक भरत सिंह, सुरभि, काजल, गीता, अनीता, खुशी, रीता तोमर, गंभीर तोमर, मनोज, सचिन, कशिश, नंदिनी, याशिका, सोनिया, मोनिका, सारिका सहित अनेक छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विकासनगर। ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन व स्कूल के पुराने कर्मचारी लियाकत अली व स्कूल के छात्रों के साथ ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओं और कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया। राष्ट्रगान की गूंज से पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत हो गया। विद्यालय निदेशक कर्नल कादिर हुसैन व प्रधानाध्यापिका राणा अलमास ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अजरा हुसैन, बसरिया, पंजाब सिंह, खुशीराम जोशी, प्रदीप कौर, लतिका मल्होत्रा, डा. बीना अरोड़ा, तबस्सुम खान, अपर्णा गुप्ता, बिंदिया सेठी, राधा जैन, मधुबाला, शिवानी राठौर, विनय गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अभिमन्यु, नाजिया, निशा, प्रीति नेगी, गौरव चौधरी, मनीष रावत, शीतल रावत, अनुप्रिया आदि मौजूद रहे। वहीं बार ऐसोसिएशन विकासनगर, वरिष्ठ राजनीतिक नेता आकिल अहमद, अल्टस इंटरनेशनल स्कूल, शिवा. लिक एकेडमी, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल बाबूगढ़ व डाकपत्थर, द एनफील्ड स्कूल में गणतंत्र दिवस बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।
























































# प्रथम समान नागरिक संहिता दिवस पर समानता व न्याय के संकल्प का उत्सव

**■ टिहरी में यूसीसी के एक वर्ष पूर्ण होने पर ऐतिहासिक समारोह और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित**

**समान नागरिक संहिता से बढ़ी सामाजिक समरसता और महिलाओं को मिले समान अधिकार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकास भवन के समीप स्थित खेल विभाग के सभागार में प्रथम देवभूमि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) दिवस अत्यंत भव्यता और गरिमा के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित समारोह का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने यूसीसी को सामाजिक समानता और न्याय का एक सशक्त माध्यम बताया और इसके एक वर्ष के सफल सफर पर प्रकाश डाला।

समारोह में जिला न्यायाधीश नितिन शर्मा, जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, सीजेएम मो. याकूब, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी, चंबा ब्लॉक प्रमुख सुमन सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह रावत, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट, पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीपीआरओ एम.एम. खान, अभियोजन अधिकारी सीमा और एडीपीआरओ राकेश शर्मा सहित कई



गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अपने संबोधन में विधायक किशोर उपाध्याय ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के लागू होने के एक वर्ष पूरा होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक पल करार देते हुए कहा कि यूसीसी का मूल उद्देश्य ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, समानता और पारदर्शिता पहुंचाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कानून ने विशेष रूप से मातृशक्ति को सुरक्षा और समान अधिकार देने का काम किया है। बीते एक वर्ष के अनुभवों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यूसीसी से प्रदेश में सामाजिक समरसता का वातावरण और अधिक सुदृढ़ हुआ है तथा कानूनी प्रक्रियाओं के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ा है।

जिला न्यायाधीश नितिन शर्मा ने इस कानून की निर्माण प्रक्रिया में अपनी सहभागिता का उल्लेख करते हुए इसकी महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि समाज में समानता और न्याय की नींव को मजबूत करने के लिए यह कानून अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा ब्लॉक स्तर तक चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की सराहना की और कहा कि जब नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली-भांति समझेंगे, तभी वे न्यायालयों में अपनी बात प्रभावी ढंग से रख पाएंगे।


जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने यूसीसी की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसने न्याय और विश्वास को एक नया आधार दिया है। उन्होंने जिले में यूसीसी की प्रगति का ब्यौरा देते हुए बताया कि प्रशासन ने इसके क्रियान्वयन के लिए एक सरल और पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था तैयार की है। जिलाधिकारी ने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि टिहरी जनपद की कुल 1049 ग्राम पंचायतों में से 459 ग्राम पंचायतें यूसीसी के तहत पूरी तरह से संतृप्त हो चुकी हैं। जिले में अब तक 34 हजार 387 पंजीकरण किए जा चुके हैं और 33 हजार 376 प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, जो इसकी सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यूसीसी के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों और व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुप्तकाशी।** नगर पंचायत गुप्तकाशी के नाला वार्ड अंतर्गत ह्यून गांव में एक महिला की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के आधे जले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नाला वार्ड निवासी विनीता देवी (40) पत्नी कुशालानंद तिवारी अपने मवेशियों के लिए चार पत्ती काटने के लिए पेड़ पर चढ़ी थीं। इसी दौरान पेड़ के पास से गुजर रही 33 केवी सोनप्रयाग लाइन के समीप टहनी काटते समय वह अचानक करंट की चपेट में आ गईं, जिससे



मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार महिला द्वारा दरांती से काटी गई टहनी टूटकर हाइटेंशन तार पर अटक गई थी। उसे हटाने के प्रयास में जैसे ही महिला ने हाथ बढ़ाया, तेज करंट लग गया और वह वहीं झुलस गईं। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मामले की जांच की जा रही है।

# गुलाबराय मैदान में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। गुलाबराय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात 6वीं ग्रेनेडियर बटालियन के बैंड की मधुर धुनों के बीच उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। इसके उपरांत पुलिस की विभिन्न टुकड़ियों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी तथा जिलाधिकारी ने परेड का निरीक्षण किया। परेड में पुलिस टुकड़ियों, एनसीसी कैडेट्स, एसडीआरएफ, जिला पूर्ति विभाग, जिला कृषि विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए राष्ट्र निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ग्रामीणों ने मंदिर के चोरों को पकड़ा

**■ नरसिंह मंदिर से फरसे, त्रिशूल व घंटियां चोरी का आरोप, पिकअप सहित गुप्तकाशी थाने लाए गए आरोपी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरम्वाड़ी के पाली तोक स्थित नरसिंह मंदिर में दिनदहाड़े चोरी के आरोप में चार युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। आरोप है कि युवक मंदिरों से फरसे, त्रिशूल, घंटियां सहित अन्य सामान उठा ले जा रहे थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, पाली तोक में खेतों में काम कर रही महिलाओं ने



चार युवकों को संदिग्ध गतिविधियों में देखा। शोर मचाने पर युवक भागने लगे। तत्काल पूर्व ग्राम प्रधान अनूप सिंह को सूचना दी गई। बताया गया कि आरोपियों के पास एक पिकअप वाहन था, जिसका नंबर यूके 17 सीए 6240 है।

सूचना पर ग्रामवासियों व पूर्व प्रधान ने पीछा कर दोपहर करीब दो बजे टेमरिया में उन्हें पकड़ लिया। मौके पर वाहन में तीन युवक मिले, जबकि एक जंगल के रास्ते भाग गया था, जिसे बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान युवकों के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। उन्होंने स्वयं को लक्सर (हरिद्वार) का निवासी बताते हुए कबाड़ी का माल ले जाने की बात कही। वाहन की तलाशी में अन्य मंदिरों से संबंधित सामान दरांती (करीब 225), छोटी कांस की घंटियां (3), चिमटे (8), एक छोटा त्रिशूल सहित लोहे का सामान मिलने की बात कही गई है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि नरसिंह मंदिर से चोरी किया गया कुछ सामान रास्ते में कहीं छिपा दिया गया है।

आरोपियों ने अपने नाम सहनजर, समीर, सलमान और कादिर बताए। घटना की सूचना तुरंत गुप्तकाशी थाने को दी गई, जिसके बाद चारों को वाहन व बरामद सामान सहित थाने लाया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा अन्य चोरी गए सामान के संबंध में ग्रामीणों से अलग से पूछताछ की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद ने कहा कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

## एक नजर .......

### मढ़ी चौरास में सिविर फैलने से स्थानीय लोग परेषान

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि कि मढ़ी चौरास स्थित शिक्षक कॉलोनी में विगत लम्बे समय से सिविर व्यवस्था बिगड़ी होने से स्थानीय लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य मढ़ी चौरास निर्मला भंडारी ने गढ़वाल विवि के कुलस. चिव को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि मढ़ी चौरास स्थित गढ़वाल विवि की शिक्षक कॉलोनी में विगत लम्बे समय से सीवर व्यवस्था अत्यंत दयनीय बनी हुई है। सीवर लाइन का बार-बार जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों व आवासीय परिसरों में फैलने के कारण स्थानीय लोगों के साथ ही शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि गंदा पानी सड़कों में फैलने के कारण आवागमन प्रभावित होने के साथ ही स्वास्थ्य सम्बंधित गंभीर बिमारियों उत्पन्न हो सकती है। कहा कि इस संदर्भ में कई बार विभागीय अधिकारियों को मौखिक रूप से बताया गया है, लेकिन कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है।

### बजट 2026:एमएसएमई और दीर्घकालिक वित्तीय भागीदारी को मिलनी चाहिए मजबूती: संजीव बजाज

देहरादून :जैसे-जैसे देश केंद्रीय बजट 2026 की ओर बढ़ रहा है, नीतिगत फोकस घरेलू विश्वास को मजबूत करने पर बना रहना चाहिए। इसके लिए खर्च योग्य आय बढ़ाने और उपभोग आधारित विकास को समर्थन देना जरूरी है। यह बात बजाज कैपिटल के जॉइंट चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव बजाज ने कही। उन्होंने कहा, "सोची-समझी टैक्स राहत, प्रक्रियाओं का सरलीकरण और नीतियों में स्थिरता से मांग को मजबूती मिल सकती है। साथ ही इससे लोग दीर्घकालिक बचत, निवेश और सुरक्षा जैसे वित्तीय फैसलों में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित होंगे।" संजीव बजाज ने रिटायरमेंट की तैयारी को और मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नेशनल पेंशन सिस्टम (छचै) जैसे दीर्घकालिक वित्तीय उत्पादों में अधिक लचीलापन, जागरूकता और प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए, साथ ही बीमा की पहुंच बढ़ाने पर भी लगातार काम होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम परिवारों की लंबी अवधि की वित्तीय मजबूती के लिए बेहद अहम हैं।

### गढ़वाल विवि में डा. चौहान को मिला अतिरिक्त दायित्व

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अनुसंधान गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक की अनुशंसा एवं कुलपति की स्वीकृति के बाद डा. जसपाल सिंह चौहान को आइडिया कैफे संरचना एवं जलवायु प्रकोष्ठ का समन्वयक नियुक्त किया गया है। डा. चौहान विवि हिमालयी जलीय जैव विविधता विभाग में विभागाध्यक्ष पद पर तैनात हैं। अतिरिक्त दायित्व के संबंध में विश्वविद्यालय कुलसचिव कार्यालय की ओर से आदेश जारी किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि डा. चौहान के अनुभव और शोध कार्यों से आइडिया कैफे एवं जलवायु प्रकोष्ठ की गति. विधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

### शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति होना जरूरी:राजपूत

**श्रीनगर।** शाश्वत धाम शिक्षा निकेतन बागवान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति के सराबोर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कीर्तिनगर उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरूवात की। मौके पर मंजू राजप. ूत ने कहा कि शिक्षा निकेतन में जिस तरह की शिक्षा पद्धति दी जा रही है, वह नौनिहालों के भविष्य में मार्गदर्शन के लिए बेहतर साबित होगा। कहा कि इस विद्यालय के संस्थापक स्वामी अद्वैतानन्द का जो सिद्धांत है वह वासुदेव कुटुम्बकम है और वह विद्यालय के आचरण मे स्पष्ट रूप से झलकता है। कहा कि यहां के अध्ययनरत नौनिहालों मे साफ झलकता है, जिसमें शिक्षा संस्कार और आध्यात्म से परिपूर्ण है। कहा कि इस तरह की शिक्षा पद्धति से लाजमी है कि आज नौनिहाल भविष्य का एक जिम्मेदार नागरिक बनकर साबित होगा। विद्यालय के संस्थापक स्वामी अद्वैतानन्द ने उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत को बेहतरीन् प्रशासनिक सेवा के लिए सम्मान पत्र दिया। स्वामी जी ने कहा कि ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों की वजह सजिम्मेदार आदमी को इन्साफ मिलेगा जो ऐसे ईमानदार और जिम्मेदार अधिकारियों से उम्मीद लेकर आता होगा।

# हर्षोल्लास से मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस, निकली प्रभातफेरी

**■ डीएम प्रतीक जैन ने किया ध्वजारोहण, अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन का दिलाया संकल्प**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में 77 वां गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला अधिकारी प्रतीक जैन ने झंडा फहराया।

प्रातः 8 बजे स्कूली छात्र-छात्राओं की ओर से जिला अस्पताल से मुख्य बाजार होते हुए पेट्रोल पंप



तिराहा तक भव्य प्रभातफेरी निक. ाली गई। इस दौरान देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत छात्र-छात्राओं, आमजन, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों सहित विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। प्रतिभागियों ने तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए। रैली के माध्यम से आमजन को यूसीसी (समान नागरिक संहिता) के संबंध में भी जागरूक किया गया।

तत्पश्चात जनपद के समस्त शासकीय, अशासकीय कार्यालयों एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यालय रुद्रप्रयाग में जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लें तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

# टिहरी में शान से फहराया तिरंगा, डीएम ने दिलाई संविधान रक्षा की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व जनपद टिहरी गढ़वाल में पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर नई टिहरी में आयोजित मुख्य समारोह में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को भारतीय संविधान के आदर्शों का पालन करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट परिसर में तिरंगा फहराते ही पूरा वातावरण राष्ट्रगान की धुन और भारत माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी जनपदवा. सियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में भारतीय संविधान की महत्ता और इसकी शक्ति को रेखांकित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज जब हम वैश्विक परिदृश्य और दुनिया के अन्य देशों के हालातों पर नजर डालते हैं, तो हमें गर्व होता है कि हमारा संविधान कितना सुदृढ़ और दूरदर्शी है।

# तिवाड़ गांव में डीएम ने किया नए सेंटर का शुभारंभ

**नई टिहरी।** ग्रामीण आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने और स्थानीय संसाधनों के जरिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने टिहरी गढ़वाल के तिवाड़ गांव पहुंचकर जलज योजना के तहत स्थापित नए केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने गांव स्थित ध्रुवनंदा देवभूमि होमस्टे में बनाए गए इस जलज सेंटर का रिबन काटकर उद्घाटन किया और वहां संचालित गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया।

# एक्रो फेस्टिवल में विदेशी पायलटों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

**■ टिहरी झील के ऊपर आसमान में रोमांच का आगाज,कोटी कॉलोनी में जुटी देश-विदेश के जांबाज खिलाड़ियों की भीड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विश्व प्रसिद्ध टिहरी झील के किनारे स्थित कोटी कॉलोनी में मंगलवार को साहसिक खेलों के महाकुंभ का रंगारंग आगाज हुआ। चार दिनों तक चलने वाले टिहरी एक्रो फेस्टिवल और नेशनल एसआईवी चौंपियनशिप की शुरुआत के साथ ही टिहरी का आसमान रंग-बिरंगे पैराग्लाइडर्स और रोमांचक करतबों से सज गया है। इस भव्य आयोजन का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय और जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस चौंपियनशिप में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों से आए पायलट भी अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

प्रतियोगिता में कुल 57 जांबाज पायलट प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें से 25 प्रतिभागी विदेशी हैं। ये खिलाड़ी एक्रो स्पोर्ट्स और एसआईवी चौंपियनशिप के तहत आसमान में अदभुत संतुलन और



साहस का परिचय दे रहे हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एस.एस. राणा ने जानकारी दी कि नेशनल एसआईवी चौंपियनशिप का आयोजन चार अलग-अलग चरणों में संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के अंतराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों से न केवल टिहरी में साहसिक पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिलेंगी, बल्कि यह जनपद को वैश्विक पटल पर एक नई पहचान भी दिलाएगा।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक किशोर उपाध्याय ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह रावत, चंबा ब्लॉक प्रमुख सुमन सजवाण, अपर निदेशक पर्यटन पूनम चंद, जीएमवीएन प्रबंधक आनंद सिंह रावत, आईटीबीपी इंस्पेक्टर आर.पी. शर्मा, एडीबी प्रोजेक्ट के परियोजना प्रबंधक आशीष कठैत सहित पर्यटन विभाग से विजेंद्र पांडेय, बलवंत कपकोटी, मनोज जोशी, सीमा नौटियाल और एसडीआरएफ, टीएचडीसी व बोट यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# बगवान में खनन पट्टा स्वीकृत होने पर ग्रामीणों में रोष:भट्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर क्षेत्रांर्गत बगवान के पास खनन पट्टा स्वीकृत करने पर देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। मंगलवार को देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा के संरक्षक एवं समाजसेवी गणेश भट्ट के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बगवान के ग्रामीण एवं देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर से मुलाकात कर जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन सौपते हुए समाजसेवी गणेश भट्ट ने कहा कि ग्राम बागवान के पास पहले से ही दो खनन के पट्टे संचालित हैं, इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा एक नया तीसरा पट्टा एलएंडटी




कम्पनी को आवंटित कर दिया गया था। जिसका क्षेत्र के ग्रामीणों ने भारी विरोध किया था।

कहा कि पिछले 2 वर्षों से चल रहे विरोध के चलते एल एंड टी कम्पनी ने उक्त आवंटित पट्टे को राज्य सरकार को वापस सरेंडर कर दिया है। जिस पर समस्त ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। कहा कि एक बड़ी कम्पनी का जन संघर्षो के आगे झुकना क्षेत्रीय एकता को दर्शाता है जो भविष्य में जल जंगल जमीन बचाने की लड़ाई को और मजबूत करेगा। भट्ट ने कहा यदि सरकार को नदी किनारे पत्थर और रेत से राजस्व ही प्राप्त करना है तो सरकार को स्थानीय ग्राम पंचायतों को उक्त खनन पट्टों में हलका चुगान का अधिकार सम्बन्धित ग्राम पंचायतों को दे देना चाहिए। साथ ही स्थानीय घोडा खच्चर संचालकों को रेत और नदी के पत्थर ले जाने के लिए लाइसेंस जारी करने चाहिए ताकि उनके रोजगार के साथ साथ ग्राम पंचायत और राज्य सरकार को लम्बे समय तक राजस्व भी प्राप्त होता रहे।

ग्राम प्रधान बागवान नरेश कोठियाल ने कहा कि यदि भविष्य में शासन प्रशासन द्वारा बागवान के अंतर्गत तीसरा खनन का पट्टा पुनः किसी कम्पनी, संस्था या कम्पनी को दिया गया तो उसका भी भविष्य में भारी विरोध किया जायेगा। इस मौके पर देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा के मीडिया प्रभारी आदित्य नेगी सहित आदि मौजूद थे।

# विकास का संकल्प लेकर गांवों की दहलीज पर पहुंचे पूर्व ब्लॉक प्रमुख

नई टिहरी। प्रतापनगर क्षेत्र के समग्र विकास और जन-जन की समस्याओं को समझने के उद्देश्य से शुरू की गई पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला की जन आशीर्वाद यात्रा का कारवां मंगलवार को पट्टी रौणद रमोली पहुंचा। यहां पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया और भविष्य में क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के संकल्प के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। पट्टी उपली रमोली से शुरू हुई यह यात्रा अब एक जन संपर्क अभियान का रूप ले चुकी है, जहां हर गांव में लोग पूर्व प्रमुख की पहल की सराहना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दे रहे हैं।

# एसडीएम के आश्वासन के बाद अभिभावकों का आमरण अनशन समाप्त

**रणबीर नेगी**

चमोली। राजकीय इंटर कालेज निजमुला के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर चला आ रहा आमरण अनशन एसडीएम चमोली के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

दरअसल जीआईसी निजमुला के भवन का निर्माण कार्य ग्रामीण निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा था। पिछले चार सालों से अभी तक भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इसके चलते छात्र-छात्राओं को पठन पाठन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खास कर बरसात के दौरान पठन - पाठन व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। निर्माण कार्य में चल रही हीला. हवाली से नाराज ग्रामीण 26 जनवरी से आमरण अनशन पर बैठ गए थे। उनकी मांग थी कि भवन निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि बच्चों की पठन - पाठन व्यवस्था एवं अन्य शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो। मंगलवार को एसडीएम चमोली आरके पांडेय आमरण अनशन स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में वार्ता की गई। विभाग की ओर से भरोसा दिया गया है कि 20 दिन के भीतर भवन निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। एसडीएम के लिखित आश्वासन के पश्चात आमरण अनशनकारी ग्रामीण अनशन तोड़ने को राजी हुए। एसडीएम ने बताया कि इस मामले में अब कोई हीला. हवाली नहीं होगी। छात्र हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान पीटीए अध्यक्ष व पूर्व प्रधान बृजलाल, एसएमसी अध्यक्ष भीम सिंह, रघुवीर सिंह बिष्ट आदि आमरण अनशन पर बैठे थे। आमरण अनशनकारियों के समर्थन में ग्रामीण क्रमिक धरने पर रहे। इसके पश्चात एसडीएम पांडेय ने जूस पिलाकर ग्रामीणों का आमरण अनशन समाप्त कर दिया।उपजिलाधिकारी आर के पाण्डे, राजेश गोरखा,नवीन पुरोहित एई ग्रामीण निर्माण विभाग सूर्य प्रकाश मैथानी, ठेकेदार अजीत पुंडीर , पूर्व प्रधान बृज लाल,भीम सिंह,रघुबीर सिंह फर्स्वाण, राकेश सेजवाल, विनोद फर्स्वाण,भरत राणा,भगत सिंह,राजेंद्र सिंह, सबर सिंह आदि लोग शामिल थे।

# उत्तराखण्ड में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले एमडीडीए के 6 कर्मचारी सम्मानित

■ गणतंत्र दिवस पर एमडीडीए कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण
■ सचिव बर्निया ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) कार्यालय परिसर में देशभक्ति और उल्लास के वातावरण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का गायन हुआ, जिसमें प्राधिकरण के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### इन्हें मिला उत्कृष्ट कार्य करने का ईनाम

एमडीडीए सचिव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 कर्मचारियो को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में अवर अभियंता सुनील उप्रेती, मनवीर पंवार, उद्यान अधीक्षक उस्मान अली , भानुप्रिया प्रभारी उद्यान अधिकारी, रितिक सिंह मार्केटिंग , नवजोत सजवाण आईटी एक्सपर्ट को उलेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सचिव बर्निया ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें भारतीय संविधान में निहित मूल्योंख्रन्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्वख्रको अपने कार्य और व्यवहार में अपनाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर एमडीडीए में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली।

## भाजपा परिवार ने हर्षौल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

■ सीएम ने शुभकामना के साथ, सुरक्षित एवं विकसित उत्तराखंड का दिया भरोसा
■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की मौजदगी में गणतंत्र दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हमारे देश का गणतंत्र लगातार मजबूत हो रहा है।



बलबीर रोड स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष नरेश बंसल, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, विधायक खजान दास, प्रेम चंद अग्रवाल, प्रदेश कार्यालय सचिव जगनमोहन रावत, डा देवेंद्र भसीन, मुकेश कुमार, गीताराम गौड़, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष विपुल मेंदोली, दिनेश अग्रवाल, राजेंद्र नेगी, कमलेश रमन समेत बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

■ संविधान केवल कानून नहीं, भारत की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक: धामी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देहरादून स्थित गांधी पार्क में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गणतंत्रों दिवस के पावन अवसर पर इस गरिमामयी सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम में सहभागिता करना उनके लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर इसलिए भी विशेष है क्योंकि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् अपनी रचना के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर चुका है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् कोई सामान्य कविता नहीं है, बल्कि यह माँ भारती के प्रति आस्था, समर्पण और कर्तव्यबोध की अभिव्यक्ति है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन सभ्यता, लोकतांत्रिक मूल्यों और हजारों वर्षों की सांस्कृतिक चेतना का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि जिस भारत के बारे में यह कहा जाता था कि इतनी विविधताओं वाला देश लोकतांत्रिक नहीं रह पाएगा, वही भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, सविता कपूर तथा अन्य जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे द्य

## कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

■ पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय देहरादून मे आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आज जनता को कांग्रेस पार्टी से बहुत अपेक्षायें हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आम आदमी को केन्द्र में रखकर विकास की योजनायें बनाई हैं। कांग्रेस सरकारों का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना रहा है। इस असवर पर महामंत्री राजेन्द्र शाह, नवीन जोशी, सेवादल की चीफ हेमा पुरोहित, अभिनव थापर, बिरेन्द्र पोखरियाल, पूरन रावत महेन्द्र सिंह नेगी गुरू जी, प्रभुलाल बहुगुणा, प्रवक्ता सुजाता पॉल, डॉ. प्रतिमा सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट, पंकज क्षेत्री, मदन लाल, अमरजीत सिंह, ताहिर अली, सुलेमान अली, शिवानी मिश्रा, नजमा खान, मनीष नागपाल,राजकुमार जयसवाल, अवघेश पन्त, नवीन रमोला, ललित भद्री, राकेश नेगी, उर्मिला थापा, मनमोहन सिंह, आदर्श सूद, हेमन्त उप्रेती, विशाल मौर्य, अनिल बस्नेत, सूरज क्षेत्री, गुल मुहम्मद, मंजू आदि उपस्थित थे।

### एक नजर .......

### डीएम ने कलेक्ट्रेट में फहराया तिरंगा

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यों के ईमानदारी से निर्वहन की शपथ दिलाई।संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत का संविधान हमें समानता और न्याय का अधिकार देता है।

एक लोक सेवक के रूप में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जनसेवा की भावना होगी। जिले के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य है।विविधता में एकता ही भारत की असली पहचान है, जिसे हमें संजोकर रखना है।जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट और सूचना विभाग के उन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी (मुख्यालय) अपूर्वा सिंह, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, जिला सूचना अधिकारी बी.सी. नेगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल सहित कलेक्ट्रेट एवं सूचना विभाग के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पीएचक्यू में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में आयोजित इस समारोह में सेवा और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला।



जनपद चम्पावत के फायर स्टेशन टनकपुर को सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए ट्रॉफी प्रदान की गई।इस अवसर पर महा. निदेशक (अभिसूचना) अभिनव कुमार, एडीजी वी. मुरूगेशन, एडीजी ए.पी. अंशुमान सहित मुख्यालय के तमाम वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देश सेवा के संकल्प के साथ लहराया तिरंगा

■ एसएसपी ने दिलाई संविधान की शपथ
■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जनपद देहरादून के पुलिस महकमे में भारी उत्साह देखने को मिला। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया गया, जहाँ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।



इस दौरान एसएसपी ने उपस्थित सभी अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ देश सेवा करने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के नामों की घोषणा भी की गई, जिन्हें विशिष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रपति पदक, राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक और सराहनीय सेवा डिस्क से नवाजा गया है।पुलिस लाइन के अतिरिक्त जनपद के समस्त थानों, चौकियों और पुलिस कार्यालयों में भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र का उत्सव मनाया गया। अंत में दून पुलिस परिवार की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

## राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का मदरसा दार-ए-अरकम में लिया गया संकल्प

■ जोश, उत्साह के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मदरसा दार-ए-अरकम आजाद कॉलोनी में पूरे जोश, उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ गणत्रंत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मदरसे हमेशा से देश की गंगा-जमुनी तहजीब और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का काम करते रहे हैं। गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व आने वाली पीढ़ी को देशभक्ति, अनुशासन और संविधान के मूल्यों से जोड़ते हैं। कार्यक्रम के अंत में देश की तरक्की, अमन-चौन और भाईचारे के लिए दुआ की गई। गणतंत्र दिवस के इस आयोजन ने यह साफ संदेश दिया कि देशभक्ति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि हर भारतीय के दिल में बसती है। इस अवसर पर जमीअत के जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, नगर अध्यक्ष मुफ्ती अयाज अहमद कासमी, मास्टर अब्दुल सत्तार, कारी फरहान मलिक, कारी दानिश, कारी शाहवेज, मास्टर मोहसीन, कारी फिरोज आदि मौजूद रहे।

## जमीया-उल- उलूम माजरा में बोर्ड अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**देहरादून।** मदरसा जामिया-उल-उलूम माजरा में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया। यहा उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स ने झंड़ारोहण किया। उन्होने छात्रों को संविधान की रक्षा की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर मदरसा प्रबंधक मौलाना शाकिर अली कासमी, मौलाना एजाज अहमद कासमी, मुफ्ती शहजाद कासमी, मास्टर मुस्तकीम हसन, कमेटी के अध्यक्ष परवेज अहमद, मौलाना नौशाद, उस्मान अंसारी, इमरान अंसारी, इम्तियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

## कांवली मदरसे व स्कूल में किया गया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कांवली वेलफेयर सोसाइटी की और से संचालित मदरसा फैजुल उलूम कांवली एवं द दून मॉडर्न अकादमी के परिसर में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण मदरसे के मोहतमिम मौलाना हुसैन अहमद कासमी ने किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष सैय्यद मौ. अरशी, मदरसा समिति के अध्यक्ष एवं प्रबंधक शौकीन अली, कोषाध्यक्ष शाकिर अली, सचिव वसीम अहमद, सदस्य महताब अली, मोहम्मद सोहेल, आमिर सोहेल एवं शादाब सैफी, शिक्षकगण, अभिभावक, तथा जिला जमीअत के उपाध्यक्ष मुफ्ती राशिद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मदरसा इजहारूल उलूम मोरोंवाला में फेहराया तिरंगा

**देहरादून।** मदरसा इजहारूल उलूम मोरोंवाला में भी तिरंगा फेहराया गया। इस मौके पर बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रबंधक मौलाना मौहम्मद सुफयान कासमी, हाजी हाशिम अली, शमून रशीद, हाफिज नाजिम, फरीद अहमद, हसन अली, कारी सदाकत, मोलाना आसिफ व कारी गुफरान आदि मौजूद रहे।

## आईजी गढ़वाल ने किया ध्वजारोहण

**देहरादून।** 77वें गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र, राजीव स्वरूप ने सरदार पटेल भवन स्थित कार्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कोतवाली ज्वालापुर (जनपद हरिद्वार) का सम्मान रहा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा ज्वालापुर को उत्तराखंड का 'बेस्ट पुलिस स्टेशन' घोषित किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए आईजी राजीव स्वरूप ने प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां पूरे पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## यूजेवीएनएल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूजेवीएन लिमिटेड के मुख्यालय एवं अन्य कार्यस्थलों पर 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। मुख्यालय उज्ज्वल में आयोजित कार्यक्रम में निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

अपने संबोधन में डॉ. संदीप सिंघल ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं बल्कि संविधान, समानता, स्वाभिमान और लोकतांत्रिक मूल्यों का उत्सव है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निर्माताओं के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि आज भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गौरव के साथ खड़ा है।



डॉ. सिंघल ने अपने संबोधन में यूजेवीएन लिमिटेड की वर्तमान गतिविधियों एवं निगम की भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि निगम का लक्ष्य है कि नवीन तकनीकों, कुशल मानव संसाधन एवं बेहतरीन प्रबंधन के माध्यम से वर्ष 2032 तक विद्युत उत्पादन को दोगुना तथा टर्नओवर को तीन गुना करने के लक्ष्य की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस लक्ष्य में जलविद्युत के साथ-साथ अन्य गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना भी शामिल है।

समारोह के दौरान विनोद गुसांई, विवेक आत्रेय, नीरज तिवारी, महकार सिंह, रेखा डंगवाल, आदित्य राठी, रत्नेश बिष्ट एवं ज्योति कोहली द्वारा देशभक्ति पर आधारित गीत एवं व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 71 | निविदा सूचना | Dated : 27/01/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद), कटापत्थर बैराज, यूजेवीएन लि०, डाकपत्थर (देहरादून) द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :-
निविदा सं०: 03/EE (Civil)/KB/2025-26
कार्य का नाम : देहरादून जिले के कचटा गाँव में भूमि विकास एवं पहुंच मार्गों के निर्माण का कार्य।
अनुमानित लागत : Rs. 19,32,336.04 (जीएसटी अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 28.01.2026 के 17:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 20.02.2026 के 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय 'उज्जवल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763507
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 69 | निविदा सूचना | दिनांक 27.01.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद- द्वितीय) लजवि, मनेरी, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा संख्या : 05/अधि अभि (जानपद-द्वितीय)/लजवि/मनेरी/2025-26
कार्य का नाम : पिलंगाड लजवि परियोजना का वार्षिक रख रखाव व मरम्मत का कार्य।
अनुमानित लागत : रू0 24,93,823.00 लाख मात्र (जी.एस.टी. अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 27-01-2026 को 17:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 18-02-2026 को 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-।।)
लजवि, मनेरी, उत्तरकाशी
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## मुस्लिम नेशनल स्कूल में किया गया ध्वजारोहण

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुस्लिम नेशनल स्कूल नया नगर गांधी रोड के परिसर में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव समी कुरैशी व उपाध्यक्ष डॉ. अजमल फारूकी ने स्युंक्त रूप से किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुजाहिद हसन, सैयद खालिद, शाकिर अली, प्रधानार्चाय शमा परवीन, शाहनवाज खान, सबा परवीन, आयशा, निशांत, फैजान अहमद, फखरूल इस्लाम, फोजिया, इरम व तबस्सुम आदि उपस्थित रहे।

## ऊर्जा भवन परिसर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विक्टोरिया क्रास दिजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन के प्रांगण में 77वें गणतंत्र दिवस को बड़े ही हर्ष एवं उत्साह पूर्वक बनाया गया। प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा अपने सम्बोधन में समस्त यूपीसीएल परिवार को आजाद एवं सक्षम भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर शुभकामनायें प्रेषित की गई तथा ऊर्जा विभाग का योगदान उज्जवल भारत के भविष्य को आकार देने में अत्यन्त महत्वपूर्ण है तथा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी भूमिका पर गर्व करने तथा ईमानदारी, उत्कृष्टता व सेवा के सिद्धांतों को बनाये रखने का प्रयास करने हेतु सम्बोधित किया। इस विशेष अवसर पर प्रबन्ध निदेशक द्वारा यूपीसीएल की कुछ विशेष महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला और उनका विवरण दिया।



काशीपुर सर्किल द्वारा उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने अधीनस्थ समस्त एन0बी0 एवं एस0बी0 खातों को शून्य किया गया है, जो अत्यन्त प्रशंसनीय एवं सराहनीय उपलब्धि है। तत्पश्चात् प्रबन्ध निदेशक द्वारा यूपीसीएल परिवार के सभी सदस्यों को उनकी मेहनत के लिये धन्यवाद ज्ञापित कर सभी को मिलकर एक नवीनीकृत ऊर्जा और उददेश्य के साथ आगे बढनें हेतु प्रेरित किया गया।

## आजादी की जंग में जमीअत का अहम योगदान: कासमी

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मदरसा जामअतुस्सलाम अल इस्लामिया आजाद कॉलोनी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रैली निकाली गई और मदरसे के छात्रों को नशे से दूर रहने, संविधान की रक्षा करने, लोकतंत्र की मजबूती के लिये कार्य करने की शपथ जमीअत के प्रदेश उपाध्यक्ष और मदरसा प्रबंधक मुफ्ती रईस अहमद कासमी की और से दिलाई गई। इस मौके पर उन्हाने कहा कि आजादी की जंग में जमीयत उलेमा-ए-हिंद का अहम योगदान है। कहा सांप्रदायिक ताकतों के प्रभाव में बर्बादी की ओर बढ़ रहा है और मुसलमानों को लगातार अन्याय और जुल्म का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान
60/1, एक्वा हाऊस, इन्दिरा नगर (अनुराग चौक के पास) देहरादून-248006
Phone No./Fax: 0135-2532509 Email: eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4241/निविदा सूचना/2025-26 | दिनांक: 27.01.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबंधक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद देहरादून की अनुरक्षण खण्ड शाखा के हरबर्टपुर इकाई की शेरपुर पेयजल योजना में पाइप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धित कार्य हेतु शाखा में पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मों से मुहरबंद निविदायें दिनांक 11.02.2026 की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में खोली जाएंगी, निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय/सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 10.02.2026 सांय 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकतें हैं।

| क्रं0 सं0 | इकाई का नाम | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्यावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरबर्टपुर इकाई | हरबर्टपुर इकाई की शेरपुर पेयजल योजना में पाइप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 12100.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | डी0 एवं उच्चतर |

नोट-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्ते विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय"

# यूसीसी के एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन, विवाह पंजीकरण में हरिद्वार अव्वल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून के सफल एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मदन कौशिक मुख्य अतिथि तथा नगर निगम मेयर किरण जैसल विशिष्ट अतिथि रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विधायक मदन कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा 2022 के चुनाव में घोषणा की गई थी कि भाजपा की सरकार दुबारा बनेगी तो समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जाएगा,माननीय मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में सरकार बनते ही जनता से जो वादा किया गया था वह मुख्यमंत्री ने अपने वादे को पूरा करते हुए 27 जनवरी 2025 को प्रदेश में यूसीसी कानून लागू किया गया जिसमें सभी के लिए




एक सम्मान कानून लागू किया गया। उन्होंने बताया कि यूसीसी पोर्टल पर विवाह पंजीकरण में हरिद्वार जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राम प्रधानों के प्रयास सराहनीय हैं। मेयर किरण जैसल ने कहा कि यूसीसी कानून सभी नागरिकों को समान अधिकार और सम्मान देता है तथा इससे सामाजिक समरसता को बल मिला है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और छात्रों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में आज के ही दिन जनवरी २०२५ में समान नागरिक संहिता कानून लागू किया गया,जिसके एक वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है तथा इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया है उन्हें आज प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विवाह पंजीकरण और यूसीसी के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले कुल 73 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा,सहायक अभियोजन अधिकारी डॉ रेखा, अधिवक्ता रमन कुमार सैनी ने भी समान नागरिक संहिता कानून पर अपने विचार व्यक्त किए।

# वीबीजी रोजगार मिशन का जिला सम्मेलन आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर विधानसभा के नवोदय नगर मंडल में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन विधेयक संसद से पारित होना देश के लिए क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत १२५ दिन रोजगार की गारंटी, साप्ताहिक वेतन और डीबीटी के माध्यम से सीधे खाते में भुगतान की व्यवस्था की गई है। पर्यावरण, कृषि, आपदा प्रबंधन, डेयरी व पशुपालन जैसे क्षेत्रों को भी योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं से जनता को सही जानकारी देने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि इस योजना से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। वहीं विधायक मदन कौशिक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार बिना भेदभाव के आमजन के हित में कार्य कर रही है। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने उत्तराखंड सरकार के कार्यों को उपलब्धियों से भरा बताया। कार्यक्रम में महापौर किरण जैसल, जिला सह प्रभारी दीपक धमीजा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी सदस्य और ग्राम प्रधान उपस्थित




# प्रयागराज मेला प्रशासन के अधिकारियों को गलत ठहराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े प्रकरण को लेकर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने प्रयागराज मेला प्रशासन के अधिकारियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि मेले में नियमों और व्यवस्थाओं का पालन करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन इस मामले में प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया अनुचित और निंदनीय रहा है। श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने आरोप लगाया कि मेला क्षेत्र में अधिकारियों द्वारा ब्रह्मचारियों और संतों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि संतों को पीटा गया और उनकी शिखा पकड़कर खींची गई, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और विचलित करने वाला दृश्य है। शिखा को सनातन परंपरा का पवित्र प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कृत्य किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने मांग की कि इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की गंगाधर महादेव भीमगोड़ा इकाई का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की गंगाधार महादेव भीमगोड़ा व्यापार मंडल इकाई का गठन किया गया। नवगठित इकाई में अर्चित चौहान अध्यक्ष, सुमेर वर्मा महामंत्री, प्रशांत शर्मा कोषाध्यक्ष, डा.दिनेश वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र कश्यप उपाध्यक्ष, सत्यम गुप्ता सचिव नियुक्त किए गए हैं।

नगर उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष डा. विशाल गर्ग ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि एकजुट होकर व्यापारियों के हितों में काम करें। व्यापारी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। धर्मनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा प्रदान करने में व्यापारी अहम भूमिका निभाते हैं। व्यापारियों एवं शासन प्रशासन के तालमेल से ही हरिद्वार में होने वाले आयोजन सफल होते हैं। कुंभ मेले को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने में भी व्यापारी निर्णायक भूमिका निभाएंगे। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार के खिलाफ व्यापारियों को एकजुट होकर संघर्ष करना है। अपने व्यापार को बेहतर तक तरीके से आगे बढ़ाएं। नवनियुक्त अध्यक्ष अर्चित चौहान एवं महामंत्री सुमेर वर्मा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि सभी को साथ लेकर चलेंगे और संगठन को मजबूत कर व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार कश्यप, प्रदेश सचिव मयंक मूर्ति भट्ट, तहसील अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, तहसील महामंत्री पार्षद सुमित चौधरी, शहर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, शहर महामंत्री विमल सक्सेना, जिला महामंत्री अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विशाल मूर्ति भट्ट, आशीष गिरी ने भी सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# उत्तराखंड की सर्वश्रेष्ठ कोतवाली बनी ज्वालापुर, कप्तान ने थपथपाई पीठ





शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गणतंत्र दिवस पर उत्तराखंड की सबसे बेहतर कोतवाली का खिताब जीतने के बाद ज्वालापुर पुलिस की टीम मंगलवार को ट्रॉफी लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के कैंप ऑफिस पहुंची। इस खास उपलब्धि पर कप्तान ने पूरी टीम का हौसला बढ़ाया और इनाम की घोषणा की। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने कोतवाली ज्वालापुर के स्टाफ से मुलाकात कर उन्हें इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए बधाई दी। पुलिस टीम के बेहतर तालमेल और अच्छे कामकाज को देखते हुए कप्तान ने पूरी टीम के लिए 2500 रुपये के नकद इनाम और गुड एंट्री देने का एलान किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरी टीम की कड़ी मेहनत का नतीजा है।इस मौके पर एसएसपी ने जिले के अन्य थाना प्रभारियों को भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने संदेश दिया कि सभी थानों को अपने कामकाज के स्तर को और अधिक सुधारना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जिले के अन्य थाने भी इसी तरह का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और हरिद्वार पुलिस का नाम रोशन करेंगे।

# धर्मनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां गणत्रंत दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में बड़े ही गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं, स्कूलों में तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। विभिन्न आयोजनों, देशभक्ति नारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशप्रेम और उत्साह का माहौल बना रहा।

इसी क्रम में **भाजपा जिला कार्यालय हरिद्वार** पर 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और इसका संविधान लिखित है। इस लिखित संविधान का निर्माण संविधान सभा के द्वारा किया गया। जिसमें भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इसलिए हम प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपनी जान तक को कुर्बान कर दिया। आज हम इस गणतंत्र दिवस पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करते रहें और सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री संजीव चौधरी, हीरा सिंह बिष्ट, लव शर्मा, निपेंद्र चौधरी, आशु चौधरी, अरविंद कुशवाहा, एजाज अहमद, लक्ष्मण सिंह नागर, मनोज चौहान, रंजना चतुर्वेदी, रेनू शर्मा मनोज शर्मा, संदीप गुर्जर, शुभम सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। **प्रेस क्लब** में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने क्लब प्रांगण में ध्वजारोहण किया और वरिष्ठ पत्रकारों एवं सदस्यों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान मेहताब आलम, दीपक मिश्रा, राधिका नागरथ, अरुण मिश्रा, विजेंद्र हर्ष ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर देश की आजादी में योगदान देने वाले शहीदों को नमन किया। अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने कहा कि अनेकों वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान कर देश को अग्रेंजी हुकुमत से आजाद कराया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारा देश स्वतंत्रता, एकता और समृद्धि का प्रतीक है। पत्रकार समाज को राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान







देना चाहिए। उन्होंने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देने वाले युवा पत्रकारों का उत्साह वर्धन भी किया। वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत शुक्ला एवं आदेश त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार विजेंद्र हर्ष, दीपक नौटियाल, अविक्षित रमन, रामचंद्र कनौजिया, संजय आर्य, शिवा अग्रवाल, बालकृष्ण शास्त्री, काशीराम सैनी, राहुल वर्मा, गुलशन नैय्यर आदि ने भी देश की आजादी में योगदान देने वाले वीरों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान सुभाष कपिल, अमित गुप्ता, विकास झा, विकास चौहान, शिवकुमार शर्मा, सुनील पाल, राहुल वर्मा, कुमकुम शर्मा, सुदेश आर्य, शिवशंकर जायसवाल, सुनील अरोड़ा, मुदित अग्रवाल, अरुण शर्मा, रत्नमणी डोभाल, महेश पारीक, कुमार दुष्यंत, गोपाल सिंह पटुवर, राधिका नागरथ, तनवीर अली, सोमेश खत्री, सचिन सैनी, सुमित यश कल्याण, हरीश, पुलकित शुक्ला, अमरीश, विकास आदि मौजूद रहे।

वहीं, **बीएचईएल हरिद्वार** में भी, 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में, मुख्य अतिथि बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही उपनगरी स्थित स्कूलों तथा सीआईएसएफ की प्लाटूस ने मार्च पास्ट के द्वारा, तिरंगे के प्रति अपनी निष्ठा एवं सम्मान को व्यक्त किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए रंजन कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और भारत की संप्रभुता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान केवल कानूनों का संग्रह मात्र नहीं है, बल्कि यह समानता, स्वतंत्रता और न्याय जैसे मूल आदर्शों पर आधारित एक जीवंत दस्तावेज है। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रेरणाप्रद झांकियां भी प्रदर्शित की गई। मुख्य समारोह के पश्चात रंजन कुमार तथा श्रीमती नंदन कुमारी ने, लेडीज क्लब की सदस्याओं तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ, मुख्य चिकित्सालय में



ध्वजा रोहण कार्यक्रम में विद्युत वितरण खंड कार्यालय ज्वालापुर पर मौजूद अवर अभियंता राव शाहबाज एवं अन्य।



भर्ती रोगियों को फल वितरित किए और उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। वहीं, **जिला प्रेस क्लब** द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। ज्वालापुर रोड़ स्थित होटल में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद, म.मं. स्वामी आदि योगी पुरी, म.मं. गर्व गिरी, महंत जसविंदर सिंह, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया, महामंत्री अनिल बिष्ट, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, एडवोकेट मंजू कश्यप ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी। म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि लंबे संघर्ष ओर अनंत बलिदानों के बाद देश को आजादी मिली। इसके पश्चात 1950 को संविधान लागू होने के बाद देश गणतंत्र बना। म.मं. स्वामी आदि योगी पुरी, म.मं. स्वामी गर्व गिरी व महंत जसविंदर सिंह ने कहा कि भारत विभिन्न धर्म व संस्कृतियों का गुलदस्ता और विश्व का सबसे महान लोकतंत्र है। सभी को मिलकर देश की प्रगति में योगदान करना चाहिए। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया ने कहा कि पत्रकारिता का आजादी के संघर्ष और आजादी मिलने के बाद देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान रहा। आज भी पत्रकार सरकार और समाज के बीच महत्वपूर्ण सेतु का काम कर रहे हैं। महामंत्री अनिल बिष्ट ने कहा कि सभी को मिलकर देश की एकता अखंडता को मजबूत करने में योगदान देना चाहिए। होटल प्रबंधक भगतराम ने भी सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मनोज कश्यप, मोहन राजा, अशोक पांडेय, सनोज कश्यप, केशव चौहान, राकेश वर्मा, मुमताज आलम, राजेश वर्मा, नदीम अहमद, प्रमोद कुमार, हिमांशु वालिया, संतोष कुमार, नदीम सलमानी, सरविन्द्र कुमार, सागर कुमार, विजय प्रजापति, सद्दाम हुसैन, मुस्कान, शिप्रा अग्रवाल, उपासना तेश्वर, मनव्वर कुरैशी, कुणाल शर्मा, दीवान सिंह, प्रखर कश्यप आदि जिला प्रेस क्लब सदस्य व अतिथी मौजूद रहे। वहीं, **दारुल उलूम रशीदिया जूनियर हाई स्कूल** ईदगाह रोड ज्वालापुर में ७७वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मदरसा प्रबंधक मौलाना मोहम्मद आरिफ कासमी ने ध्वजारोहणकर तिरंगे को सलामी दी और मदरसे के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति के तराने पेश किए। छात्र-छात्राओं को मिठाई एवं फल वितरित किए गए। सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रबंधक मौलाना मोहम्मद आरिफ कासमी ने कहा कि देश की आजादी में सभी धर्म समुदायों का बड़ा योगदान है। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी मजहब के लोगों ने देश को आजाद करने में अपने प्राणों को निछावर किया। सभी धर्म समुदायों के योगदान से देश आजाद हुआ और आगे बढ़ा।

# गणत्रंत दिवस पर निकाली भव्य तिरंग यात्रा

## समाजसेवी शमशाद कुरैशी के नेतृत्व में शामिल हुए सैकड़ों युवा, देशभक्ति में रंगा नजर आया माहौल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर ज्वालापुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के नेतृत्व समाजसेवी शमशाद कुरैशी ने किया। यात्रा में भारी संख्या में युवा एवं शहरवासी मौजूद रहे। दोपहिया व चार पहिया वाहनों से निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा से माहौल देशभक्ति में रंगा नजर आया। शमशाद कुरैशी ने कहा कि यह अवसर अनगिनत कुर्बानियों के बाद आया है, हमारे पूर्वजों ने आजादी के लिए संघर्ष किया और कुर्बानियां दीं।

सोमवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ज्वालापुर के विभिन्न क्षेत्रों से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत जटवाड़ापुल से होते हुए दुर्गा चौक, राम चौक, सेक्टर-2, शहीद भगत सिंह चौक से होते हुए रानीपुर मोड़ से वापस आर्यनगर चौक को होते हुए जटवाड़ापुल पर समाप्त हुई। यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी शमशाद कुरैशी व उनकी टीम ने किया।



यात्रा में सैंकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। दोपहिया व चार पहिया वाहनों से निकाली गई तिरंगा यात्रा से माहौल देशभक्ति में रंगा हुआ नजर आया। हाथों में तिरंगा लिए सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भारत माता के जयघोष के नारे लगाए। इस मौके पर शमशाद कुरैशी ने कहा कि शहीदों के बलिदान से ही देश आज स्वतंत्र है और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने तिरंगे को देश की आन-बान-शान बताते हुए इसे वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। साथ ही यात्रा को सफल बनाने के लिए पुलिस-प्रशासन व शहरवासियों का आभार जताया।

कार्यक्रम में अर्श कुरैशी, अयान, आतिफ, नौमान, शबनूर, शाहनूर, फरहान, अनीस राव, अमन फारूकी, अनस गुज्जर, आयुष सैनी व राव रोहिल आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक मंडी के कुंए पर धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित ऐतिहासिक मंडी के कुएं पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। पूर्व राज्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव फुरकान अली एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता छम्मन पीरजी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा.झांगीराम ने किया। कार्यक्रम संयोजक क्रय विक्रय सहकारी समिति ज्वालापुर के पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व राज्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव फुरकान अली एडवोकेट ने कहा कि संविधान को लागू हुए 76 वर्ष हो चुके हैं और हम आज 77वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। संविधान निर्माताओं ने संविधान का निर्माण करते समय सभी धर्मो व वर्गों का ध्यान रखा। भारत धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और समाजवादी व्यवस्था को अपनाने वाला देश है। रियाज अली एडवोकेट ने कहा कि देश का संविधान सर्वोपरि है। संविधान ने भारत के प्रत्येक व्यक्ति को अधिकार प्रदान किए हैं। भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष अरबाज अली एडवोकेट ने कहा कि भारत का संविधान भारत की जनता पर ही केंद्रित है तथा भारतीय संविधान के अनुसार भारतीय जनता सर्वोपरि है। यह हमारे संविधान की ही देन है कि आज मौलिक अधिकारों के तहत हमें बोलने की आजादी है। अपने देश में कहीं भी घूमने फिरने की आजादी है। देश के किसी भी हिस्से में बसने की आजादी है। यह सब संविधान निर्माताओं की ही देन है। इस अवसर पर हम अपने संविधान निर्माताओं को नमन करते हैं। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इरशाद खान, जाकिर सलमानी, सुल्तान अहमद खान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता निसार अब्बासी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इकबाल काजमी, नावेद अख्तर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नौशाद बेग, मंसूर अली, मास्टर रवीश कमाल कुरैशी, इरफान फारुकी, मोनू अंसारी, इंतजार शाह, उमर फारूक, जेपी कश्यप, नसीम कुरैशी, तनवीर अली, इंतजार शाह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर वसुधैव कुटुंम्बकम् फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। स्पोर्टस कांप्लेक्टस में अंडर-14, अंडर-19 पुरूष और महिला तथा अबोव-19 कैटगरी महिला वर्ग में आयोजित टूर्नामेंट में 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट में अंडर-14 वर्ग में युवराज राठी एवं वंश अग्रवाल, अंडर-19 वर्ग में कृष्ण व तनिष्क अरोड़ा, अबोव-19 वर्ग में प्रियांशी भंडारी व मुस्कान सैनी विजेता रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर किरण जैसल ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से फिटनेस के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। टूर्नामेंट संयोजक संगीता आहूजा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अपना कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। फाउंडेशन की अध्यक्ष रेनू अरोड़ा ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को 1100 रूपए, स्मृति चिन्ह और प्रत्येक खिलाड़ी को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षित करना और उन्हें समाज के लिए एक अच्छा नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन आगे भी इस तरह के आयोजन आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर प्रीति आहूजा, निधि अग्रवाल, विनीता सिकोरिया, निधि चावला, रुचि तनेजा, मीनाक्षी अरोड़ा फाउंडेशन के सदस्य व अभिभावक मौजूद रहे।



# दो शराब तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, गिरफ्तार शराब तस्करों के पास से अवैध कच्ची शराब व देशी शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार रात्रि गस्त में पुलिस ने संजय पुत्र भोपाल को रोहलकी अंडर पास से 40 देशी शराब के पव्वो के साथ एवं संकट पुत्र धर्मेन्द्र, निवासी दौलतपुर को गाँव मे होने वाले रास्ते से 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है, जिन्हे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
शाह टाइम्स हरिद्वार
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला

पत्रांक 1128/भ0क0ना0/2025–26 दिनांक 27/01/2026

## सार्वजनिक सूचना

म्युनिसिपलीटीज ऐक्ट 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत भवनकर नामान्तरण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद,मुनिकीरेती–ढालवाला ,टिहरी गढवाल के अन्तर्गत निम्न व्यक्तियो द्वारा भवनकर अभिलेखो में नामान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र०सं० | आवेदन का दिनांक | संपत्ति संख्या | भवनकर अभिलेख में नाम व पता | भवनकर नामान्तरण होने वाले व्यक्ति का नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24/10/25 | 1/16(28) (फ्लैट नं0 B7G ) | उत्तराखण्ड कंस्ट्रक्शन को0 प्रा0 लि0 | श्री आजाद सिह पुत्र श्री आर0 एम0 सिंह निवासी– 12093, शक्ति नगर, मल्कागंज, दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, दिल्ली– 110007 | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकृत विक्रय विनिमय पत्र, आधार कार्ड, |
| 2 | 17/12/25 | 8/580 (आवासीय फ्लैट एफ 03 प्रा0 फ्लैट नं0 02) | श्री जे0के0 श्रीवास्तव पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र लाल श्रीवास्तव निवासी– मकान नम्बर 60, गली नम्बर 8, निकट रघुनाथ मन्दिर, प्रगति विहार, ऋषिकेश, जिला देहरादून। | श्री दीपक कुमार बिष्ट पुत्र श्री भगवान सिंह बिष्ट निवासी जे0 70 शिवालिक नगर, रानीपुर हरिद्वार बी. एच0 ई0 एल0, जिला हरिद्वार। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकृत विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड, बिजली का बिल |
| 3 | 9/12/25 | 2/362 | श्रीमती पिंकी सिंह पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी– वार्ड नं0 02 ,शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर, जिला टिहरी गढवाल। | श्री करण सिंह बर्तवाल पुत्र स्व0 गब्बर सिंह बर्तवाल निवासी शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड, बिजली का बिल। |
| 4 | 3/12/25 | 3/192 (पुरानी संपत्ति संख्या (03/193) | श्रीमती धन देवी पत्नी स्व0 डालचन्द निवासी–,शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर, जिला टिहरी गढवाल। | श्रीमती प्रतिमा देवी पत्नी श्री सन्तोष केसरी निवासी– गली नं0 04, शीशमझाडी, वीडियो हॉल के पास, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकृत विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड, बिजली का बिल। |
| 5 | 10/12/25 | 4/243 | श्री सुरेश परमार पुत्र स्व0 श्री चरण सिंह निवासी– वार्ड नं0 5, शीशमझाडी, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल। | श्रीमती प्रतिमा देवी पत्नी श्री सन्तोष केसरी निवासी– वार्ड नं0 04, शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड। |
| 5 | 5/12/25 | 1/18(55) | श्रीमती मनिता घोष पत्नी श्री उत्तम घोष वर्तमान निवासी–4145, तीसरा फ्लोर, आराध्या होम, एच0 ब्लॉक, अनसल वर्सालिया, सेक्टर 64ए, गुरूग्राम 122201 नई दिल्ली। | कुमारी कृतिवेन अरूण कुमार देसाई पुत्री श्री अरूण कुमार देसाई निवासी– (फ्लैट नं0– ई–4,) गंगा वाटिका रिट्रीट, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकृत विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड। |
| 6 | 8/12/25 | 08/381 | राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 विशेश्वर दत्त निवासी– वार्ड सं0 08, निकट–पंचायत भवन, 14बीघा, राजीवग्राम, मुनिकीरेती, तहसील। | श्रीमती जगदेश्वरी देवी पत्नी स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासी– वार्ड सं0 08, निकट–पंचायत भवन, 14बीघा, राजीवग्राम, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड। |
| 7 | 23/09/25 | 11/1135 | श्री राकेश कुमार पुत्र श्री अमीर चन्द निवासी– गली नं0 05, हनुमंतपुरम, गंगानगर, ऋषिकेश, जिला देहरादून। | श्री शिव कुमार पुत्र श्री राम प्रकाश निवासी–185, नेहरू रोड़, आशुतोष नगर, ऋषिकेश, जिला देहरादून। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड। |
| 8 | 6/12/25 | 01/17(10) | श्री श्यामाचरण चौधरी पुत्र स्व श्री के0सी0 चौधरी व श्रीमती शशि चौधरी पत्नी श्री श्यामा चरण चौधरी निवासी– –फ्लैट नं0 बी0– 04, प्रथम तल, गंगावाटिका– 2, मुनिकीरेती, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | श्रीमती शशि चौधरी पत्नी स्व0 श्री श्यामाचरण चौधरी निवासी–फ्लैट नं0 बी0– 04, प्रथम तल, गंगावाटिका– 2, मुनिकीरेती, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, पंजीकृत विक्रय अनुबन्ध पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड। |
| 9 | 11/12/25 | 5/71(2) | श्री इन्द्रदत्त मैठानी पुत्र श्री सत्य शरण मैठानी निवासी– वार्ड नं0 05, 14 बीघा, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर, जिला टिहरी गढवाल। | श्री दिवाकर मैठानी पुत्र श्री नन्दराम मैठानी निवासी – 14 बीघा, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड, बिजली का बिल। |
| 11 | 11/12/25 | 4/242 | श्री महेन्द्र गोस्वामी पुत्र स्व0 श्री लच्छी गोस्वामी निवासी शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | श्रीमती मुनेश पत्नी स्व0 महेन्द्र गोस्वामी निवासी शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बिजली का बिल। |
| 12 | 15/12/25 | 10/114 | श्री प्यार सिंह मेहर पुत्र श्री भोपाल सिंह मेहर निवासी – वार्ड नं0 10, ढालवाला, पो0 मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | श्रीमती लक्ष्मी रावत पत्नी श्री प्रभू सिंह रावत निवासी – वार्ड नं0 10, ढालवाला, पो0 मुनिकीरेंती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकृत विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड, बिजली का बिल। |
| 13 | 03/01/26 | 06/155 | श्रीमती सकला देवी पत्नी स्व0 सुन्दर सिंह नेगी निवासी – कुसुम भारती स्कूल, 14 बीघा, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | श्रीमती रजनी पत्नी श्री ललित सिंह पंवार निवासी – वार्ड नं0 06, 14बीघा, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, विक्रय अनुबन्ध पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बिजली का बिल। |
| 14 | 9/12/2025 | 02/363 | श्री सरजीत सिह पुत्र श्री हरवंस सिह निवासी– शीशमझाडी, मुनिकीरेती, जिलां टिहरी गढवाल। | श्री करण सिंह बर्तवाल पुत्र स्व0 गब्बर सिंह बर्तवाल निवासी शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्ड, बिजली का बिल। |
| 15 | 07/01/26 | 4/223 | श्रीमती रोशनी देवी पत्नी श्री महेन्द्र सिंह चौधरी, निवासी – म0नं0– 456, चन्द्रेश्वर नगर, दयानंद मार्ग, ऋषिकेशजिला–देहरादून (उत्तराखण्ड)। | प्रियंका पंवार पुत्री श्री विरेन्द्र सिंह निवासी – गली नं0–12, शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल। | शपथपत्र, अनापत्तिप्रमाण पत्र, विक्रय अनुबन्ध पत्र, आधार कार्डबिजली का बिल। |
| 16 | 29/9/25 | 10/292 | श्री सुन्दर सिंह रावत पुत्र स्व0 श्री कृपाल सिंह रावत निवासी– वार्ड नं0 10,ढालवाला, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल। | श्रीमती जशोदा देवी पत्नी स्व0 श्री सुन्दर सिंह निवासी– वार्ड नं0 10, ढालवाला, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल। | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड। |
| 17 | 09/01/26 | 08/681 पुरानी संपत्ति सं0 08/454(2) | श्री दीपक बिष्ट पुत्र स्व0 श्री चतर सिंह बिष्ट निवासी– 14 बीघा, ढालवाला, मुनिकीरेती, जिला– टिहरी गढवाल। | श्री तरूण चोपडा पुत्र श्री रमन चोपड़ा निवासी– मुक्ति धाम, स्वर्गाश्रम, नियर ग्रीन होटल जौंक, जिला पौडी गढवाल। | शपथ पत्र,अनापत्ति प्रमाण पत्र, विक्रय अनुबंध,आधार कार्ड, बिजली का बिल। |

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त भवनकर नामान्तरण किये जाने में कोई आपत्ति हो,तो वह एक माह(30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर भवनकर नामान्तरण कर दिया जायेगा,तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नही किया जाएगा। भवनकर नामान्तरण स्वामित्व नामान्तरण नहीं है, अपितु यह मात्र भवनकर वसूली हेतु किया जाता है।

ह0
(अंकिता जोशी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
मुनिकीरेती–ढालवाला
टिहरी गढवाल

ह0
(नीलम बिजल्वाण)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मुनिकीरेती–ढालवाला
टिहरी गढवाल

### प्राधिकरण का अवैध प्लॉटिंग पर एमडीडीए का बुलडोजर अभियान जारी

# एमडीडीए ने 40 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को किया ध्वस्त



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में अब तक प्राधिकरण क्षेत्र में 10 हजार से अधिक अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।इसी क्रम में आज प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। एकता विहार, लेन संख्याख्र1, रतनपुर, बलूनी स्कूल के पीछे, देहरादून में मासूम अली एवं प्रकाश जोशी द्वारा लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया।

इसके अतिरिक्त परवल रोड, चांदनी चौक, शिमला बाईपास रोड, देहरादून में नफासत द्वारा लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर भी प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। यह कार्रवाई सहायक अभियंता सासंक सक्सेना, अवर अभियंता ललित नेगी, सुपरवाइजर तथा

**▪ उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में अब तक प्राधिकरण क्षेत्र में 10 हजार से अधिक अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**

पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

एमडीडीए ने अवैध प्लॉटिंग करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना स्वीकृति के किए जा रहे किसी भी निर्माण अथवा प्लॉटिंग को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि भूमि क्रय–विक्रय से पूर्व संबंधित प्राधिकरण से वैध स्वीकृति अवश्य जांच लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

### अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी :तिवारी



बंशीधर तिवारी ने कहा कि मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बिना स्वीकृति के की जा रही प्लॉटिंग और निर्माण पूरी तरह अवैध हैं और इनके खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध नियमानुसार की जा रही कार्रवाई:बर्निया

मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चिन्हित क्षेत्रों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान भवन उपविधियों और विकास नियंत्रण विनियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया गया है तथा पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। उन्होंने आमजन से अपील की कि भूमि क्रय–विक्रय से पूर्व एमडीडीए से वैध स्वीकृति अवश्य जांच लें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी परेशानी से बचा जा सके।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड थराली

पत्रांकः– 116 /सिं0ख0थ0/टी–4 दिनांक 27/01/2026

**निविदा सूचना संख्या – 08/सिं०ख०थ०/2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 11/02/2026 को 11:30 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 3:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित शर्तें तथा प्रपत्र दिनांक 28/01/2026 से 10/02/2026 तक सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, थराली से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड कर्णप्रयाग में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिरोली में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 39000.00 | 04 माह | 1500+18% GST | डी अथवा उच्चीकृत |

नोटः– निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्यदिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड थराली

# जोशी के जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह के तहत जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसूरी ।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस (31 जनवरी) के अवसर पर जनसेवा की भावना को समर्पित करते हुए "सेवा सप्ताह" के अंतर्गत सोमवार को सुवाखोली में जरूरतमंद, असहाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद मसूरी की अध्यक्ष मीरा सकलानी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुईं।

**▪ शीतलहर एवं ठंड से मिली राहत , ग्रामीणों ने जताया कैबिनेट मंत्री जोशी का आभार**

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उन्हें शीतलहर एवं ठंड से राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर मीरा सकलानी ने कहा कि जन्मदिवस जैसे व्यक्तिगत अवसर को समाजसेवा के माध्यम से मनाना ही सच्ची जनसेवा है। सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारा संकल्प है और इसी संकल्प के साथ मसूरी विधायक और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी कार्य करते हैं। सभी के सुख दुःख में सम्मिलित होते हैं। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य बीर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष विजय बिंदवाल, गुड़्मोहन राणा, रणवीर कंडारी, गौरी थपलियाल, अनिता जवाड़ी, अरविन्द राणा, प्रेम कोहली, सुरेश, नरेन्द्र जवाड़ी सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# यूसीसी का एक साल: सच किया संविधान निर्माताओं का संकल्प : सीएम

## यूसीसी की घोषणा से लेकर प्रभावी क्रियान्वयन तक गौरव की अनुभूति: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रथम "समान नागरिक संहिता दिवस" पर आयोजित समारोह में कहा कि आज का दिन उत्तराखंड राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित रहेगा, इसी दिन राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हुई है, जिससे समाज में सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की स्थापना सुनिश्चित हो सकी।

मंगलवार को हिमालयन कल्चरल सेंटर गढ़ी कैंट में आयोजित प्रथम "समान नागरिक संहिता दिवस" को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने समान नागरिक संहिता को तैयार करने वाले कमेटी के सदस्यों, कुशल क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और पंजीकरण में योगदान देने वाले वीएलसी को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने यूसीसी पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और परंपरा सदैव समरसता और समानता की

**■ मुख्यमंत्री ने किया यूसीसी में योगदान देने वाले अधिकारियों और रजिस्ट्रेशन में सराहनीय कार्य करने वालों का सम्मान**

संवाहक रही है। सीएम ने गीता का श्लोक पढ़ा जिसमें कहा गया है कि मैं सभी प्राणियों के प्रति समान भाव रखता हूँ, न किसी का शत्रु हूँ और न ही किसी के प्रति पक्षपात करता हूँ। सनातन संस्कृति की यही महानता है, जिसने सदियों से दुनिया को समानता, न्याय और मानवता का मार्ग दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं ने "समान नागरिक संहिता" को संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में शामिल किया था। उनका मत था कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उन्होंने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व, अपने दृष्टिपत्र में राज्य में "समान नागरिक संहिता" को लागू करने का संकल्प लिया। देवभूमि की जनता ने भी इस "देवकार्य" के लिए भाजपा को अपार समर्थन और आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, सविता कपूर, सुरेश गड़िया, बृज भूषण गैरोला, उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, दायित्व धारी डॉ देवेंद्र भसीन, ज्योति प्रसाद गैरोला, मधु भट्ट , शमून कासमी, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ आरके जैन, मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर गोविंद सिंह, सचिव गृह शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, यूसीसी समिति के सदस्य पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघन सिंह, दून विवि की वीसी प्रो सुरेखा डंगवाल, मनु गौड़, अजय मिश्रा , विशेष सचिव गृह निवेदिता कुकरेती एवं अन्य लोग उपस्थित थे।




### विवाह में धोखाधड़ी करने पर सख्ती का प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार ने यूसीसी में आवश्यक संशोधनों से संबंधित विधेयक पारित किया था, जिसे एक दिन पहले ही राज्यपाल महोदय की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत विवाह के समय यदि अपनी पहचान छिपाने या गलत तथ्य बताने पर ऐसे विवाहों को निरस्त करने का प्रावधान है। इसके साथ ही, विवाह एवं लिव-इन संबंधों में किसी भी प्रकार के बल, दबाव, धोखाधड़ी अथवा विधि-विरुद्ध कृत्यों के लिए कठोर दंडात्मक प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं।

### समानता से समरसता का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता किसी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं है बल्कि ये तो समाज की कुप्रथाओं को मिटाकर सभी नागरिकों में "समानता से समरसता" स्थापित करने का एक कानूनी प्रयास है। इस कानून के माध्यम से किसी भी धर्म की मूल मान्यताओं और प्रथाओं को नहीं बदला गया है, केवल कुप्रथाओं को दूर किया गया है। यूसीसी में सभी धर्मों के लोगों के लिए विवाह, विवाह-विच्छेद एवं उत्तराधिकार आदि से संबंधित नियमों को एक समान किया गया है। साथ ही संपत्ति के बंटवारे और बाल अधिकारों के विषय में भी स्पष्ट कानून बनाए गए हैं। संपत्ति के अधिकार में बच्चों में किसी भी प्रकार का भेद नहीं किया गया है, किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने के पश्चात उसकी संपत्ति को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच किसी प्रकार के मतभेद की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए मृतक की सम्पत्ति पर उसकी पत्नी, बच्चों एवं माता पिता को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं।

### महिला सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कुछ समुदायों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण भेदभाव, असमानता और अन्याय की स्थिति बनी हुई थी। यूसीसी लागू होने से न केवल राज्य से सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं बल्कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत भी हुई है। अब उत्तराखंड की मुस्लिम बहन-बेटियों को हलाला, इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह और तीन तलाक जैसी कुरीतियों से मुक्ति मिली है। यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड में एक भी हलाला या बहुविवाह का मामला सामने नहीं आया। यही कारण है कि मुस्लिम महिलाओं ने इस कानून का स्वागत किया है। कहा कि स्वतंत्रता के बाद कई दशकों तक वोट बैंक की राजनीति के कारण, यूसीसी को लागू करने का साहस नहीं दिखाया गया। जबकि दुनिया के सभी विकसित और सभ्य देशों सहित मुस्लिम राष्ट्रों में समान नागरिक संहिता पहले से ही लागू है।

# देवभूमि का प्रमाणित मॉड्यूल, देश में यूसीसी का प्रामाणिक आधार बनेगा : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने राज्य में यूसीसी के सफल और प्रभावी एक वर्ष पर समस्त प्रदेशवासियों बधाई दी है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने इसे समानता का वो प्रमाणित मॉड्यूल बताया, जो देश में समान कानून का आधार बनेगा। वहीं देश में धामी सरकार की प्रशंसा और विदेशी नकारत्मक एजेंसियों की आलोचना बताती है कि हम सही रास्ते पर हैं।

उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, भाजपा सरकार और समस्त राज्यवासियों को बधाई दी है। प्रदेश के लोगों को समान नागरिक कानून का संरक्षण देना, हमारी पार्टी के चुनावी वादों में प्रमुख था। यह वह विषय है जो भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के उद्देश्यों में शामिल है। पीएम मोदी की मार्गदर्शन में सीएम धामी ने देवभूमि को यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनने का गौरवशाली अवसर दिया है। जनता जनता के सहयोग से इस कानून ने आज वो शुरुआती 1 वर्ष का सफर, सफलता से पूरा किया है। जिसकी उपयोगिता पर देश के अन्य राज्यों की उम्मीदें और विपक्ष की राजनीति टिकी थी। उन्होंने कहा, आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि सवा करोड़ देवभूमिवासी इस यूसीसी के संरक्षण में समान कानूनी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। जब से यह कानून अस्तित्व में

**■ कहा - यूसीसी की सफलता से झूठ और भ्रम के विपक्षी गुब्बारे की हवा निकली**

आया है विवाह पंजीकरण की संख्या 200 गुणा तक बढ़ गई है। हमने इस कानून के माध्यम से सभी धर्मों के लोगों के लिए विवाह, विवाह-विच्छेद एवं उत्तराधिकार आदि से संबंधित नियमों को एक समान किया गया है। संपत्ति के बंटवारे और बाल अधिकारों के विषय में भी स्पष्ट कानून बनने से जनसुविधा इस मुद्दे पर बढ़ी है। इससे धर्म के आधार पर कानूनी भेदभाव एवं पेचीदगियां पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। वहीं विपक्षी की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, जिन्हें सदन में इस कानून में कोई कमी नहीं दिखाई दी, वह बाहर जाकर इसपर जनता को बरगलाते रहे। जबकि एक वर्ष के उपरांत स्पष्ट हो गया है कि लिव इन रिलेशनशिप के पंजीकरण को लेकर झूठ फैलाया गया था। जबकि इससे हमारी बहिन बेटियां की सुरक्षा और अधिकार जबदस्त वृद्धि हुई है। इन रिश्तों को लेकर परिवार की जानकारी और भविष्य के बदलाव को भी अधिकार दिया गया है। लिहाजा इस कानून की सफलता से देवभूमिवासियों के बाद आने वाले दिनों में समूचे देश का यूसीसी पर भरोसा भी बढ़ने वाला है।

वहीं अब विपक्ष के झूठ, भ्रम और अफवाह के गुब्बारे की हवा पूरी तरह निकल गई है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का सम्मान

**■ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी एवं जोशी ने किया सम्मानित**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस (31 जनवरी) के अवसर पर जनसेवा की भावना को समर्पित करते हुए "सेवा सप्ताह" के अंतर्गत मंगलवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में मसूरी विधानसभा क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया।

जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उनका समर्पण और सेवा भाव प्रशंसनीय है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ मातृ शक्ति को सशक्त बनाने का कार्य भी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को पठन-पाठन एवं खेल सामग्री उपलब्ध की जा चुकी है।




इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने कहा कि मातृ शक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य समाज के लिए सकारात्मक और कल्याणकारी होता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, निर्मला जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, वंदना बिष्ट, संध्या थापा, ज्योति कोटिया, पूनम नौटियाल, लक्ष्मण सिंह रावत, समीर डोभाल, निर्मला थापा, अनीता सक्सेना, भावना चौधरी सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

## सीएम धामी के नेतृत्व में जनसेवा का रिकॉर्ड

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप राज्य में चलाए जा रहे विभिन्न सेवा एवं जागरूकता अभियानों को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। सरकार की सक्रिय नीतियों और प्रभावी क्रियान्वयन के चलते प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे कैंपों के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। मंगलवार को प्रदेश में 14 कैंपों का आयोजन किया गया, जिनमें 6,368 नागरिकों ने सहभागिता कर सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त किया। यह आंकड़े सरकार की जनहितकारी योजनाओं की स्वीकार्यता और प्रशासन की कार्यक्षमता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। यदि अब तक की बात की जाए तो मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कुल 474 कैंपों का सफल आयोजन किया जा चुका है।

# उत्तराखण्ड में यूसीसी में संशोधन अध्यादेश, 2026 लागू

**■ कई प्रावधानों में किए गए प्रक्रियात्मक, प्रशासनिक एवं दंडात्मक सुधार**
**■ राज्यपाल की स्वीकृति के बाद किया गया लागू**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार ने समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड, 2024 में आवश्यक संशोधनों के लिए समान नागरिक संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2026 को राज्यपाल की स्वीकृति के बाद लागू कर दिया है। यह अध्यादेश संविधान के अनुच्छेद 213 के अंतर्गत राज्यपाल उत्तराखण्ड गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) द्वारा जारी किया गया है तथा यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

अध्यादेश के माध्यम से संहिता के विभिन्न प्रावधानों में प्रक्रियात्मक, प्रशासनिक एवं दंडात्मक सुधार किए गए हैं, जिससे समान नागरिक संहिता के प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारु क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके।

**उद्देश्य:** इन संशोधनों का उद्देश्य समान नागरिक संहिता के प्रावधानों को अधिक स्पष्ट, प्रभावी एवं व्यावहारिक बनाना, प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना है।




### प्रमुख बिंदु

1. आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के स्थान पर अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 तथा दंडात्मक प्रावधानों के लिए भारतीय न्याय संहिता, 2023 को लागू किया गया है।
2. धारा 12 के अंतर्गत "सचिव" के स्थान पर "अपर सचिव" को सक्षम प्राधिकारी नामित किया गया है।
3. उप-पंजीयक द्वारा निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही न किए जाने की स्थिति में प्रकरण स्वतः पंजीयक एवं पंजीयक जनरल को अग्रेषित किए जाने का प्रावधान किया गया है।
4. उप-पंजीयक पर लगाए गए दंड के विरुद्ध अपील का अधिकार प्रदान किया गया है तथा दंड की वसूली भू-राजस्व की भांति किए जाने का प्रावधान जोड़ा गया है।
5. विवाह के समय पहचान से संबंधित गलत प्रस्तुति को विवाह निरस्तीकरण का आधार बनाया गया है।
6. विवाह एवं लिव-इन संबंधों में बल, दबाव, धोखाधड़ी अथवा विधि-विरुद्ध कृत्यों के लिए कठोर दंडात्मक प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं।
7. लिव-इन संबंध की समाप्ति पर पंजीयक द्वारा समाप्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने का प्रावधान किया गया है।
8. अनुसूची-2 में "विधवा" शब्द के स्थान पर "जीवनसाथी" शब्द का प्रतिस्थापन किया गया है।
9. विवाह, तलाक, लिव-इन संबंध एवं उत्तराधिकार से संबंधित पंजीकरण को निरस्त करने की शक्ति पंजीयक जनरल को प्रदान की गई है।

# गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने अफसरों को किया सम्मानित

**■ राज्यपाल ने परेड ग्राउंड में फहराया राष्ट्रीय ध्वज**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली।

कार्यक्रम में राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को पदक अलंकरण कर सम्मानित किया गया साथ विभिन्न अधिकारियों को भी उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान सूचना विभाग द्वारा "उत्तराखण्ड रजत जयंती और शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन" पर आधारित झांकी के अलावा महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पर्यटन विभाग, उद्यान विभाग, विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण(उरेड़ा), वन विभाग, उद्योग विभाग एवं संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं तथा नीतियों पर आधारित मनमोहक झाँकियों का भी प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम, संस्कृत शिक्षा विभाग को द्वितीय तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें राज्यपाल व सीएम द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सांसद नरेश बंसल, सांसद महेन्द्र भट्ट, विधायक खजान दास, मेयर सौरभ थपलियाल आदि मौजूद रहे।



### उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित अधिकारी

1- डॉ. नीरज सिंघल, निदेशक पशुपालन विभाग उत्तरखण्ड।
2- मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड।
3- अरुण कुमार सिंह, अनुभाग अधिकारी सचिवालय उत्तराखण्ड।
4- राकेश सिंह असवाल, समीक्षा अधिकारी सचिवालय उत्तराखण्ड।

### राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित राज्य पुलिस बल के अधिकारी/कर्मचारी

1- यशपाल सिंह, निरीक्षक नागरिक पुलिस एसटीएफ देहरादून।
2- नरोत्तम बिष्ट, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एसटीएफ देहरादून।
3- देवेन्द्र कुमार, आरक्षी 21 नागरिक पुलिस एसटीएफ देहरादून।
4- भूपेन्द्र सिंह मर्तोलिया, मुख्य आरक्षी एसटीएफ कुमाऊँ।
5- सुनील कुमार, अपर उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस पौड़ी गढ़वाल।
6- सुनील रावत, मुख्य आरक्षी 114 नागरिक पुलिस, जनपद देहरादून।

# सूचना भवन परिसर में महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने फहराया तिरंगा

**■ कहा -गणतंत्र दिवस भारतीय लोकतंत्र, संविधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सूचना भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।

ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संविधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया है, जिनका ईमानदारी से पालन करना प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से लोकसेवकों की जिम्मेदारी है।



महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें तथा संविधान की भावना के अनुरूप राज्य और देश की प्रगति में सक्रिय योगदान दें।

इस अवसर पर सूचना विभाग के अपर निदेशक आशिष त्रिपाठी, उपनिदेशक रवि बिजारनिया, सहायक निदेशक अर्चना सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य ने जल गुणवत्ता परीक्षण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/नई दिल्ली।** उत्तराखंड में जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2025-26 में जल गुणवत्ता परीक्षण का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है ग्रामीण पेयजल योजना की संरचना एवं रखरखाव नीति में केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझाव को सम्मिलित करते हुए विस्तृत नीति बनाई गई है।

उक्त बात प्रदेश के सिंचाई एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली स्थित डॉ. सी. सुब्रमणियम कन्वेंशन सेंटर, जल शक्ति मंत्रालय में मंगलवार को ग्रामीण पेयजल सेवाओं के सतत संचालन एवं रखरखाव पर मंत्री स्तरीय नीतिगत संवाद कार्यशाला में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन को 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण साकार करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के प्रत्येक विकास खंड में योजनाओं का सोशल ऑडिट कराया जा रहा है।

**■ ग्रामीण पेयजल सेवाओं के सतत संचालन एवं रखरखाव पर मंत्री स्तरीय नीतिगत संवाद कार्यशाला आयोजित**

सिंचाई एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि भारत सरकार द्वारा की गई अपेक्षा के अनुसार राज्य द्वारा 65% योजनाओं की सुजलाम आईडी बनाने का कार्य पूर्ण करने के साथ-साथ 5071 हर घर जल पंचायत के सापेक्ष 25 पंचायत में जल सेवा आकलन कराया जा चुका है जबकि शेष पंचायत में शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

महाराज ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से अनुरोध किया कि लगभग 7800 ग्राम पंचायत में नल जल मित्र रखे जाने हैं। जिनमें 6800 नल जल मित्रों का चयन कर लिया गया है जिनको 42 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाना है। उन्होंने बताया कि परीक्षण के लिए नल जल मित्र इच्छुक नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि वह अपने रोजगार को छोड़कर 42 दिन का समय नहीं दे पा रहे हैं इसलिए मेरा अनुरोध है कि इन्हें मनरेगा की भांति प्रशिक्षण पर 42 की दिहाड़ी दे दी जाये जिससे आसानी से उनका प्रशिक्षण हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार पर लगभग 1500 करोड़ की देनदारी शेष है एवं 1096 योजनाओं का कार्य धीमी गति से चल रहा है इसलिए कार्य को गति प्रदान करने हेतु आवश्यक धनराशि मुक्ति की जाए।

## राज्य के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी एवं हिमस्खलन की चेतावनी

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी एवं हिमस्खलन की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सभी जनपदों को सतर्क कर दिया गया है। रक्षा भू-सूचना अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 27 जनवरी सायं 05:00 बजे से 28 जनवरी सायं 05:00 बजे तक राज्य के विभिन्न ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी एवं हिमस्खलन की संभावना व्यक्त की गई है। डीजीआरई द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार जनपद उत्तरकाशी, चमोली एवं रुद्रप्रयाग को नारंगी रंग की श्रेणी (श्रेणी-3) में रखा गया है। इस श्रेणी में अधिकांश हिमस्खलन मार्गों पर गहरी एवं अस्थिर बर्फ जमी रहती है, जिसके कारण प्राकृतिक हिमस्खलन की संभावना रहती है तथा ऐसे हिमस्खलन मध्यम आकार में घाटी तल तक पहुँच सकते हैं।

# सूचना विभाग की झांकी ने लगातार तीसरी बार हासिल किया प्रथम स्थान

**■ राज्य की 25 साल की विकास यात्रा एवं शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन पर आधारित थी झांकी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड देहरादून में राज्य स्तरीय समारोह में सूचना विभाग की झांकी ने लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। "रजत जयंती एवं शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन" पर आधारित इस झांकी में राज्य के पच्चीस वर्षों की विकास यात्रा के साथ ही तीर्थाटन एवं पर्यटन विकास से जुड़े पहलुओं को दिखाया गया।

झांकी के प्रथम भाग में गंगा मन्दिर, मुखवा को प्रदर्शित किया गया, जो माँ गंगा का शीतकालीन प्रवास है। झांकी के अग्रिम केबिन में उत्तराखण्ड गठन के 25 गौरवशाली वर्ष प्रदर्शित किए गए , जो राज्य की विकास यात्रा, सांस्कृतिक पहचान और निरंतर प्रगति को दर्शाते हैं।



झांकी के ट्रेलर भाग में उत्तराखण्ड को आयुर्वेद के अग्रणी राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया , जो राज्य की औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों की प्राचीन चिकित्सा पद्धति को रेखांकित करती है। ट्रेलर के द्वितीय खंड में उत्तराखण्ड की होम स्टे योजना को दर्शाया गया । इसके पश्चात् झांकी में खरसाली स्थित यमुना मन्दिर को प्रदर्शित किया गया , जो माँ यमुना का शीतकालीन धाम है।

झांकी के अंतिम भाग में उठते हुए स्तंभों (पिलर्स) के माध्यम से उत्तराखण्ड की वर्ष-दर-वर्ष प्रगति को दर्शाया गया , जो राज्य के सतत विकास का प्रतीक है। झांकी के पार्श्व भाग में उत्तराखण्ड में लागू किये गये नये कानूनों को प्रदर्शित किया गया , जो राज्य की कानून व्यवस्था एवं सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पृष्ठभूमि में की गई ऐंपण कला की सजावट, उत्तराखण्ड की पारंपरिक लोक कला को आधुनिक दृष्टिकोंण से जोड़ती है।

# रुड़की व आसपास शान से फहराया गया तिरंगा

## शिक्षण संस्थानों, सरकारी दफ्तरों व प्रतिष्ठानों में रही 77वें गणतंत्र दिवस धूम


बीएसएम इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते संस्थान अध्यक्ष ममता शर्मा एडवोकेट व निर्देशक रजनीश शर्मा एडवोकेट, प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक आदि।


बीएम डिग्री कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते कॉलेज के चेयरमैन ममतेश शर्मा एडवोकेट, निदेशक रजनीश शर्मा एडवोकेट व सचिव डॉक्टर उमा दत्त शर्मा आदि


बीएसएम इंजीनियरिंग एंड पॉलिटेक्निककॉलेज में ध्वजारोहण करते संस्थान के अध्यक्ष ममता शर्मा एडवोकेट कोषाध्यक्ष रामकुमार शर्मा , रजनीश कुमार शर्मा कॉलेज के डायरेक्टर राजाराम प्रसाद आदि



डिग्री कॉलेज में होनहार एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते हैं कॉलेज के अध्यक्ष ममतेश शर्मा एडवोकेट व निदेशक रजनीश शर्मा एडवोकेट


बीएसएम इंटर कॉलेज मेंगणतंत्र दिवस पर होनहार छात्रों को सम्मानित करत संस्था के अध्यक्ष ममता शर्मा एडवोकेट, सचिव रजनीश शर्मा एडवोकेट व प्रधानाचार्य अजय कौशिक आदि।


गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी ।

## बीएसएम शिक्षण संस्थानों में चेयरमैन ने फहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इण्टर कॉलेज रुड़की में 26 जनवरी 77वें गणतंत्र दिवस पर बीएसएम संस्थानों में चेयरमैन ममतेश शर्मा एडवोकेट व सचिव/निदेशक रजनीश शर्मा व प्रधानाचार्य/प्राचार्य व प्रबंध समिति सदस्यों व पदाधिकारियों ने शान से तिरंगा फहराया गया।

बीएसम इंटर कॉलेज में संस्थानों में चेयरमैन ममतेश शर्मा एडवोकेट व सचिव/निदेशक रजनीश शर्मा व प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक व अन्य प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण करते हुए गणतंत्र दिवस की महत्ता को बताया। मुख्य अतिथि ममतेश शर्मा ने कहा कि सर्वप्रथम मैं अपने देश के उन शहीदों को श्रद्धांजलि देना चाहता हूँ। जिन्होंने अपना बलिदान देकर भारत को आजाद कराया और हमारा संविधान भी लागू कराया। इस अवसर पर प्रबंध समिति ने इंटर कॉलेज के प्रतिभावान होनहार छात्रों को सम्मानित किया।

बीएसएम डिग्री कॉलेज के प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर चेयरमैन ममतेश शर्मा एडवोकेट व सचिव डा. उमा दत्तत शर्मा व प्राचार्य गौतमवीर व अन्य प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने ने धवजारोहण किया। चेयरमैन ममतेशा शर्मा ने छात्राओं को गणतंत्र की उपलब्धता के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि आज के दिन ही संविधान लागू हुआ था। हमारा संविधान में दुनिया सबसे अच्छा लोकतांत्रित संविधान हैं। एनसीसी कैडेटों द्वारा सलामी भी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान कॉलेज में अपनी कक्षा में टॉप करने वाले संस्थान के छात्रों को 5100 रूपये का पुरस्कार दिवंगत मनोहर लाल शर्मा व उनकी पत्नी स्व. राममूर्ति देवी क स्मृति में दिया गयां इस अवसर पर कॉलेज के अजयवीर पुण्डीर एडवोकेट, भानू प्रताप, देवेश प्रताप, राजीव भारद्वाज, संजीव, विनय, आरडी कंसल, अनिरूद्ध, रियाज कुरैशी ममता जोशी आदि सहित संस्थान समस्त स्टाफ व कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं बीएसएम इंजीनियरिंग एंड पोलिटेक्निक कॉलेज में गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जहां संस्थान चेयरमैन ममतेश शर्मा एडवोकेट व सचिव/निदेशक रजनीश शर्मा व रामकुमार शर्मा डायरेक्टर राजाराम प्रसाद अन्य अतिथियो के साथ ध्वजारोहण किया। संस्थान में पहुंचने पर संस्थान के डायरेक्टर राजाराज प्रसाद ने बुके देकर सबका स्वागत किया। इस दौरान इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। चेयरमैन ने छात्रों को गणतंत्र दिवस की महत्ता के बारे में बताया। इस अवसर पर संस्थान के अनेक पदाधिकारी व स्टाफ मौजूद रहा।

## ज्ञानदीप स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दिनांक 26 जनवरी 2026 को विद्यालय के प्रांगण में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सभी सदस्य प्रेम बल्लभ देवरान जयप्रकाश जोशी, श्री आनंद प्रकाश बड़थ्वाल, श्री राजेश चंदोला , प्रबंधक श्री वासुदेव पंत तथा प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी के छात्रों द्वारा भव्य परेड के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधक श्री वासुदेव पंत ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस एक पर्व ही नहीं बल्कि देश प्रेम की एक भावना है। हमें अपने संविधान तथा संविधान के नियमों तथा कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रबंधक श्री प्रेम बल्लभ देवरानी जी ने कहा कि छात्र राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं तथा उन्हें अपने परिश्रम तथा राष्ट्र प्रेम की भावना को बनाए रखते हुए देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयत्न करना चाहिए। इस अवसर पर छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पोशाक पहनकर झांकी प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने इस अवसर पर छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करने तथा अपने देश के प्रति समर्पण की भावना रखने की सीख दी।


77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अख्तर मालिक को सम्मानित करते अतिथिगण।


बीएमशिक्षण संस्थान के संस्थापक दिवंगत पूर्व राज्यमंत्री मनोहर लाल शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हैं संस्थान के अध्यक्ष ममता शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा।


ज्ञानदीप स्कूल में ध्वजारोहण करते अतितिगण।

## डढेरा नगर पंचायत में गणतंत्र दिवस पर स्वच्छता का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर पंचायत ढंडेरा में सोमवार को 77वा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। साथ ही सभी को गणतंत्र दिवस का महत्व समझाते कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ था, जिसके बाद भारत पहली बार एक लोकतांत्रिक देश बना। आज उसी खुशी में हमारे द्वारा गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया जाता है। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभासद विजय सिंह पंवार व विकास पाल ने कहा कि लोकतंत्र में हर एक नागरिक, हर एक वोट का महत्व है। इसलिए सभी को अपने वोट का सही प्रयोग करना चाहिए और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

वहीं सभासद कुंवर सिंह डंगवाल ने सभी सदस्यों, कर्मचारियों से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए स्वच्छता में भागीदारी की बात कही। इस अवसर पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विरेंद्र सिंह, असगर ,शहाबुद्दीन, रीना, ऋतु, कवितास, गोविंद, अंजलि रानी, दिनेश नेगी, आतिश, आकाश विक्रांत शर्मा, करण, सहदाब, अमन, वसीम, श्रीमती सुनीता, पंकज, राहुलआदि मौजूद रहे।

## लक्सर में धूमधाम मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विकासखंड में 77 वा गणतंत्र बड़ी धूमधाम से मनाया गया है ब्लॉक प्रमुख डॉ हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि आज ब्लॉक सभागार में गणतंत्र दिवस की 77वा गणतंत्र दिवस मनाया जा है उन्होंने कहा सभी कर्मचारी एवं अन्य व्यक्तियों को अपना काम इमानदारी से करना चाहिए जिससे हमारा देश आगे बढ़ता रहे उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यों की भी सराहना की उन्होंने सभी कर्मचारी को ईमानदारी से काम करने को भी कहा उन्होंने सभी भारतवासियों को गणतंत्र की शुभकामनाएं दी प्रभारी खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी ने कहा कि आज सभी गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मना रहे हैं और लक्सर ब्लॉक में भी आज गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया है उन्होंने भी सभी को अपना काम इमानदारी से करने की सलाह दी और अपने पुरखों को याद करते हुए कहां की हमारे पुरखों के द्वारा देश आजाद कराया गया था जिसका आज हम सभी को लाभ मिल रहा है उन्होंने भी सभी भारतवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी

वही मंगलोर में सोमवार को देश में 77 वे गणतंत्र दिवस के मौके पर हर जगह राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया जिसके चलते स्कूलो में बच्चों ने अनेको तरह के कार्यक्रम पेश किए वहीं नारसन ब्लॉक स्थित ग्राम कुरडी में ब्लॉक प्रमुख कोमल देवी ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर ब्लॉक के कर्मचारियों सहित स्कूल के बच्चों ने अपने कार्यक्रम पेश किए।

## मस्जिद के खादिम को पीटने पर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** मस्जिद में साफ सफाई का काम करने वाले युवक के साथ कहासुनी के बाद दो लोगों ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया, मारपीट में मस्जिद का खादिम बुरी तरह घायल हो गया। मारपीट की विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने पिडित की तहरीर पर पिता पुत्र समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कली मुल्ला पुत्र शरीफ निवासी रसूल जिला लखीमपुर खीरी लंढौरा स्थित जामा मस्जिद में साफ सफाई का काम करता है। रविवार की दोपहर मस्जिद के खादिम की मस्जिद में साफ सफाई के बाद पंखे चलाने को लेकर पडोस में ही रहने वाले इरशाद से कहासुनी हो गई मामला इतना बढ़ गया कि इरशाद व उसका पुत्र खादिम पर लाठियां लेकर टूट पड़े मारपीट में मस्जिद का खादिम बुरी तरह घायल हो गया। आरोप है कि बीच बचाव के बाद दोनों लोग खादिम को भविष्य में जान से मारने की धमकी भी देकर गए हैं। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि मस्जिद के खादिम कली मुल्ला की तहरीर पर इरशाद पुत्र अकबर व उवेश पुत्र इरशाद के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MUNIRAL HAK S/O YASIN से बदलकर MUNIRUL HAQ S/O MOHD YASEEN रख लिया है अब भविष्य में मुझे MUNIRUL HAQ S/O MOHD YASEEN के नाम से ही जाना पहचाना पढ़ा लिखा व दर्ज किया जाए ।

MUNIRUL HAQ S/O MOHD YASEEN नि. 428, Vill- Saliyar Salhapur, PO Saliyar, Roorkee, Haridwar, Uttarakhand 247667

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का कुछ दस्तावेजों में नाम अनस अंसारी दर्ज हो गया था जो गलत है मेरी पुत्री का सही नाम आयजा अंसारी है आज के बाद मेरी पुत्री को आयजा अंसारी के नाम से ही जाना पहचाना पढ़ा लिखा समझा जाए

शहनवाज पुत्र फानू. ग्राम प्रहलादपुर, विकासखंड खानपुर जिला हरिद्वार

## 77वें गणतंत्र दिवस पर बुग्गावाला में देशभक्ति का उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बूग्गावाला।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर घाड़ क्षेत्र के बूग्गावाला में स्थित अनेकों मदरसों एवं स्कूलों में पूरे हर्षोल्लास के साथ तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रमों की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया।

विद्यालयों और मदरसों में अध्ययनरत बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविताएं, भाषण और नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुतियों ने भारत की एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों को सजीव रूप में दर्शाया। कार्यक्रमों के दौरान शिक्षकों और प्रबंधकों ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उनमें देशप्रेम व जिम्मेदारी की भावना का विकास अत्यंत आवश्यक है।

वहीं कलियर के हज हाउस में भी 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। जहां अनेक लोग मौजूद रहे।


77वें गणतंत्र दिवस बुग्गावाला में कार्यक्रम पेश करते स्कूली बच्चे।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव



# समान नागरिक संहिता

## उत्तराखण्ड, 2024



“21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।”

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

“समान नागरिक संहिता हर नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और सुरक्षा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।”

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## देश का पहला राज्य उत्तराखण्ड

### जहाँ हर नागरिक के लिए एक कानून

**एक अधिकार | एक सम्मान**

**संपत्ति अधिकार**

01 सभी धर्म-समुदायों के सभी वर्गों के लिए बेटा-बेटी को संपत्ति में समान अधिकार।

**वैवाहिक आयु निर्धारित**

02 सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित।

**वैवाहिक पंजीकरण**

03 विवाह के तय समय के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य। एक पति-पत्नी नियम समान रुप से लागू।

**समान अधिकार**

04 पत्नी को पति जैसा समान अधिकार, सभी धर्म और सम्प्रदायों के महिला-पुरुषों को समान अधिकार।

**माता-पिता हेतु**

05 किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात उसकी सम्पत्ति में माता-पिता का भी समान अधिकार होगा।

**अनुसूचित जनजाति**

06 अनुसूचित जनजाति को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से बाहर रखा गया है।

**लिव-इन रिलेशन**

07 लिव-इन रिलेशन में जन्मे बच्चों को जैविक संतान के समान सभी विधिक अधिकार

## UCC - 1 साल

### ऑनलाइन पंजीकरण

* लगभग 5 लाख विवाह पंजीकरण
* लगभग 100% ऑनलाइन प्रक्रिया
* औसतन 1400 पंजीकरण प्रतिदिन
* पहले जहाँ प्रतिदिन केवल 67 पंजीकरण होते थे
* अब औसतन 5 दिन में प्रमाणपत्र जारी

### UCC - सिर्फ कानून नहीं, व्यवस्था में परिवर्तन

* सोच बदली
* प्रक्रिया बदली
* व्यवस्था बदली
* उत्तराखण्ड बना मॉडल राज्य

### महिला और बाल अधिकारों की सुरक्षा

* विवाह और तलाक में समान नियम
* महिलाओं को कानूनी सुरक्षा और सम्मान
* बच्चों के अधिकारों को मजबूती
* कुप्रथाओं पर प्रभावी नियंत्रण

### न्याय की नई परिभाषा

* कानून से आगे बढ़कर सुशासन
* समानता को व्यवहार में उतारने का उदाहरण
* नागरिकों का विश्वास मजबूत
* संविधान की भावना का सशक्त क्रियान्वयन

### डिजिटल सुविधा | पारदर्शी व्यवस्था

* घर बैठे ऑनलाइन आवेदन
* वीडियो बयान की सुविधा
* दंपत्ति व गवाह कहीं से भी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं
* सब-रजिस्ट्रार कार्यालय जाने की बाध्यता समाप्त
* समय, श्रम और खर्च की बचत
* AI के माध्यम से 22 अधिसूचित भारतीय भाषाओं में पंजीकरण सुविधा।



**रजिस्ट्रेशन करने हेतु लॉग इन करें....ucc.uk.gov.in**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

शाह टाइम्स

## सम्पादकीय


बुधवार, 28 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यूजीसी नियमों पर शोर

जिस तरह यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के नियमों में बदलाव किया है, उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध बढ़ता देख नई दिल्ली में यूजीसी हैड क्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उप्र के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं, संगठनों ने मंगलवार को जगह-जगह प्रदर्शन किए। रायबरेली में तो भजापा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरव रक्षा दल के महेंद्र पाण्डेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां तक भेज दी। बात यहीं समाप्त नहीं होती बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने तो नए नियमों के विरोध में इस्तीफा तक दे दिया। असल में 13 जनवरी को देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक नई नियमावली लागू की है, इन नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों के लिए परिसर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों के मुताबिक इससे जाति आधारित भेदभाव समाप्त होगा। यह अलग बात है कि इन नियमों ने आरक्षण जैसे नए विवाद को जन्म दे दिया है और सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी के नए नियमों पर हो रहे विवाद पर सरकार की तरफ से सफाई दी है और कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उनके अनुसार इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। असल में जो नियमों में बदलाव किया है, उसके अनुसार इसमें जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए समिति, हेल्पलाइन आदि कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें खासतौर पर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतें देखेंगी। सरकार का मानना है कि यह बदलाव उच्च शिक्षण संस्थानों में निष्पक्षता व जवाबदेही लाने के लिए किया गया है, लेकिन जनरल कैटेगरी के लोग ऐसा नहीं मानते और वह नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि सवर्ण छात्र स्वाभाविक अपराधी बनाए गए हैं। ये नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपस में सवर्णों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता हो सकती है। जगद्गुरु परमहंस आचार्य भी इस विवाद में शामिल हो गए हैं। उनका कहना है कि नय नियमों की वापसी को लेकर उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखा है और यदि नियम वापस नहीं लिए जाते, तो उन्होंने इच्छा मृत्यु की मांग की है। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी सरकार के लिए ठीक नहीं है। इसका विरोध उप्र में अधिक देखने में आ रहा है, जहां अगले वर्ष ही चुनाव होने हैं। ऐसे में योगी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

## जानबूझकर अपमानित करने का काम



मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया, सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है, ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए, मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं, मेरे और राहुल गांधी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे, इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिये पास का इंतजाम किया, भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और श्री राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है, उसके सारे आरोप गलत हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'





**विनीत नारायण**

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय' जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंक' उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्ड' जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याज' निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है।

भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंक' में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो 'समय बैंक' ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी एक समस्या हो सकती है, इसलिए ऑफलाइन मोड भी विकसित किया जाना चाहिए। सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल रहा, तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। यह आयुष्मान भारत या राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। कॉर्पोरेट घराने एनजीओ को अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा इसे सहयोग करें। इससे न केवल बुजुर्गों की देखभाल सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, 'समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे, और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्योंकृजैसे 'सेवा परमो धमरू' से मेल खाता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रणाली पेंशन को पूरक बनाती है, जहां पेंशन इतनी अच्छी है कि भोजन और आवास की चिंता नहीं होती, लेकिन भारत में जहां पेंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा हैनर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। 'समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स बताती हैं कि एजिंग पॉपुलेशन विकासशील देशों के लिए चुनौती है, लेकिन ऐसे नवाचारी मॉडल से इसे अवसर में बदला जा सकता है। स्विट्जरलैंड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और अब दुनिया के अन्य देशों को इसे अपनाना चाहिए। भारत सरकारकेंद्र और राज्य स्तर परको इस 'समय बैंक' अवधारणा पर विचार करना चाहिए। इसे लागू करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो स्विट्जरलैंड के मॉडल का अध्ययन करे और भारतीय संदर्भ में अनुकूलित करे। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग, जो आज के युवा हैंकृएक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का निवेश है। समय सबसे मूल्यवान मुद्रा है और इसे बैंक में जमा करने का विचार दुनिया को बदल सकता है। आइए, हम इसे अपनाएं और एक बेहतर समाज बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**



हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।

खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णतः मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सनातन, संत, सत्ता और संग्राम





**तनवीर जाफरी**

गत दिनों मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में उस समय के एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जबकि माघ मेला में मेला प्रशासन व पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोका गया? मेला प्रशासन के अनुसार सुरक्षा कारणों से उनके वाहन (पालकी) को रोका गया और स्नान हेतु पैदल जाने को कहा गया, परन्तु शंकराचार्य जी ने इस प्रशासनिक निर्देश को प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए अस्वीकार कर दिया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या के दिन अपनी पालकी पर सवार होकर अपने सैकड़ों भक्तों व अनुयायियों के साथ संगम नोज की तरफ बढ़ रहे थे। उसी समय मेला प्राधिकरण की ओर से तैनात पुलिस ने भारी भीड़ बताकर उनकी पालकी को रोक दिया और शंकराचार्य जी से सीमित अनुयायियों के साथ पैदल स्नान स्थल तक पहुंचने व स्नान करने का अनुरोध किया। परन्तु शंकराचार्य ने पूरे सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग की, जो अस्वीकार होने पर उन्होंने स्नान नहीं किया और अनशन पर बैठ गए। इस संबंध में मेला व पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि शंकराचार्य को स्नान से नहीं, बल्कि वाहन से स्नान लिए जाने से रोका गया था और सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए यह जरूरी भी था परन्तु शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वे बेहद गंभीर हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा शंकराचार्य जी महाराज के शिष्यों की चोटी (शिखा) को पकड़कर घसीटा गया,उन्हें बुरी तरह पीटा गया व अपमानित किया गया। इस घटना को केवल एक कृत्य या हिंसा नहीं, बल्कि इसे सुनियोजित सांस्कृतिक अपमान बताया जा रहा है। क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब शंकराचार्य, साधु,संत, शिष्य और श्रद्धालु किसी विरोध या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर आराधना के लिए संगम घाट पर आए थे। लिहाजा क्या वजह है कि सनातन धर्म व संतों की रक्षा व इसके मान सम्मान की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में शंकराचार्य स्तर के सम्मानित संतों व उनके गुरुकुल के शिष्यों का धर्म क्षेत्र प्रयागराज में इस तरह अपमान किया गया ?

इस घटना के फौरन बाद जिस तरह 19 जनवरी को प्रशासन ने एक नोटिस चिपका कर 24 घंटे में शंकराचार्य जी से यह बताने को कहा गया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य कैसे हैं ? गोया शंकराचार्य को स्नान से रोके जाने की बात यहां तक जा पहुंची कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य हैं या नहीं? शंकराचार्य कैसे बनते हैं और कौन बना सकता है? क्या सरकार तय करेगी कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं ? यानी भीड़ को बहाना बनाकर शंकराचार्य की पालकी को रोकना उनके अनुयायियों से मारपीट करना व उन्हें अपमानित करना फिर उसके बाद उनकी शंकराचार्य की पदवी को ही चुनौती देने का अर्थ है कि उन्हें किसी पूर्वाग्रह के चलते ही रोका गया। साथ ही जिसतरह कई संत सरकार की भाषा बोलते व सरकार का पक्ष लेते दिखाई दिए उससे भी साफ हो गया कि उन्हें रोकना व अपमानित करना न केवल सत्ता के अहंकार का एक उदाहरण है बल्कि इसके पीछे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विरुद्ध सत्ता का पूर्वाग्रह भी नजर आता है। हालांकि देश का अधिकांश संत समाज अविमुक्तेश्वरानंद जी व उनके शिष्यों व अनुयायियों के साथ हुए दुर्व्यवहार व अपमान से आहत नजर आया। इस घटना के बाद जिस तरह देश के कोने कोने से शंकराचार्य के अनुयाई व अनेक संत संगम तट पर इकठ्ठा होने शुरू किया इससे भी सरकार की काफी फजीहत हुई है।

यदि आप शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विगत कुछ वर्षों की सक्रियता व उनकी कारगुजारियों पर नजर डालें तो हम यह देखेंगे कि वे बे हिचक और बिना लाग लपेट के और बिना सत्ता की परवाह किए अपनी बात कहने वाले संत हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुए कहा था कि उस समय चूंकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाजा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुए सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाकी थी। उन्होंने इस आयोजन को मनमाना और शास्त्र-विरोधी भी बताया था तथा शंकराचार्यों को न बुलाने पर भी नाराजगी जताई थी। शंकराचार्य ने प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के लिए भी योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उस वक्त उन्होंने कहा था कि सरकारी प्रबंधों के दावों की पोल खुल गई है और राज्य सरकार को खुद ही हट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा था कि श्महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा करने वाली सरकार को व्यापक तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन भगदड़ ने सरकार की नाकामी उजागर कर दी। इसी तरह शंकराचार्य जी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यों के नाम पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने गोविंदेश्वर महादेव मंदिर को तोड़े जाने पर धरना दिया था और प्रशासन पर शिवलिंग गायब करने का आरोप लगाया था । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने इसे हिंदू धार्मिक परंपराओं के खिलाफ बताया था और कहा था कि विकास के नाम पर मंदिर नष्ट नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने स्कंद पुराण में उल्लिखित मंदिरों का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और धर्म संसद भी बुलाई थी।

इसी तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोने के गायब होने की मीडिया में प्रसारित खबरों पर प्रतिक्रिया करते हुए इसे सोना घोटाला करार दिया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

